# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

वर्ष - 04 अंक - 177 बैकुंठपुर, बुधवार 17 अप्रैल 2024 पृष्ठ -8 मूल्य -1

E paper www.cgfrontline.com


# माता का दर्शन करने बुझे मन से नहीं, खुशी-खुशी मंदिर के पट तक जाएं

## वाहन पार्किंग कराने तैनात पुलिस वाहन चालकों की नाराजगी कुछ ऐसे दूर कर रही

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** नवरात्रि व रामनवमी पर्व को ध्यान में रखते हुए जिले के विभिन्न मंदिरों एवं देवालयों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था सरगुजा पुलिस की ओर से की गई है। राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में 70 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी विभिन्न मंदिरों में तैनात किए गए हैं। चैन स्नेचरों पर नजर रखने व अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मंदिर परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में सादी वर्दी में पुलिस बल तैनात हैं। वहीं मंदिर के आसपास एवं शहर के विभिन्न चैक-चैराहों में यातायात व्यवस्था बनाए रखने स्थाई पुलिस पिकेट सहित अतिरिक्त पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है।



शहर के महामाया मंदिर के प्रवेश द्वार से ही तिपहिया और चारपहिया वाहनों का प्रवेश बाधित किया गया है। दोपहिया चालकों को इंद्रवाटिका शादी घर तक आने की छूट है। इसके आगे दोपहिया चालक जाने न पाएं, इसके लिए बैरीकेडिंग की गई है। पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने से बेतरतीब पार्किंग के बीच श्रद्धालुओं को नहीं जूझना पड़ रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तैनात पुलिस व यातायात के जवानों के द्वारा भक्तों को दिया जा रहा संदेश भी लुभाने वाला ही नहीं प्रेरणास्पद है। यहां पुलिसिया अंदाज में नहीं बल्कि अनुरोध भरे लहजे में वाहनों को नियत स्थल में खड़ा करने का अनुरोध करते हुए पुलिस के जवान 'बुझे मन से नहीं, बिना किसी मलाल के माता का दर्शन करने खुशी-खुशी मंदिर के पट तक जाएं, माता आपकी मनोकामना जरूर पूरी करेगी' अनुरोध लाउड सिस्टम से करके उनकी नाराजगी को दूर करने में लगी है। बैरीकेडिंग के बाद भी दोपहिया चालक किसी न किसी बहाने मंदिर के पट के पास स्थित पूजा सामग्री की दुकानों तक वाहन ले जाने की कोशिश में लगे रहते हैं। हालांकि ऐसे भी भक्त हैं, जो माता के दर पर नंगे पांव या चरण पादुका पहनकर घर से पैदल ही श्रद्धा अर्पण किए निकलते हैं। ऐसे भक्तों का ध्यान आकर्षण कराते हुए पुलिस कुछ अलग ही लहजे में अपने कर्तव्य का निर्वहन करने में लगी है। ऐसे में श्रद्धालु भी कुछ दूर पदयात्रा करते जय माता दी के उद्घोष के बीच माता का दर्शन करने पहुंचने में गुरेज नहीं कर रहे हैं। नवरात्र को लेकर बनाई गई इस व्यवस्था के कारण बैरीकेड के अंदर आसानी से लोग भंडारा प्रसाद ग्रहण करते नजर आते हैं। नवरात्र के मौके पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसका जायजा लेने के लिए मंदिरों में कोतवाली टीआई मनीष सिंह परिहार के अलावा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी समय-समय पर पहुंच रहे हैं।

***राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में 70 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी तैनात***

मंदिर परिसर के आसपास सुरक्षा के साथ ही यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे, इसके लिए पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देशन में विशेषकर मां महामाया मंदिर, सांडबार स्थित मां वनेश्वरी मंदिर, दुर्गा मंदिर गांधी चैक, दुर्गा मंदिर रामगढ़, मंगरैलगढ़ सहित अन्य मंदिरों में भी विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में 70 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी महिला पुलिस बल, यातायात पुलिस बल सुबह 4 बजे से मंदिरों एवं चैक-चैराहों में तैनात नजर आ रहे हैं, जिससे आम नागरिक बेहतर पुलिसिंग के बीच सुरक्षित वातावरण में पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर एवं आसपास सादी वर्दी में तैनात पुलिस बल की नजर मंदिर परिसर में भीड़भाड़ वाले जगहों पर है। श्रद्धालुओं को बेहतर यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए बैरिकेडिंग के साथ पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है ताकि किसी को मंदिर परिसर में अनावश्यक अवरूद्ध यातायात के बीच दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

# महिला एवं बाल विकास विभाग, चाइल्ड हेल्प लाईन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने की बाल विवाह रोकने की कार्रवाई

## बाल विवाह रोकने की गई है टास्क फोर्स का गठन

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जिले में बाल विवाह की पूर्णत: रोकथाम हेतु टास्क फोर्स का गठन किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी बी. डी. पटेल के पहल से विगत दिवस 12 अप्रैल 2024 को महिला एवं बाल विकास विभाग, चाइल्ड हेल्प लाईन एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त टास्क फोर्स को बाल विवाह होने की सूचना मिलने पर बाल विवाह रोकने की कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि जशपुर विकासखंड के ग्राम कस्तुरबा में बालक कामेश्वर सिंह पिता स्व दुतिया, माता श्रीमती बसंती देवी का विवाह 17 अप्रैल 2024 को तय किया गया था। किन्तु बालक कामेश्वर सिंह का दाखिल खारिज के अनुसार जन्म तिथि 12 जुलाई 2006 है। जिसके आधार पर बालक कामेश्वर सिंह का उम्र-17 वर्ष, 10 माह, 13 दिन होना पाया गया। बालक के माता की सहमति से विवाह स्थगित करने हेतु कहा गया। बालक के माता द्वारा बताया गया कि कानूनी अज्ञानता के कारण शादी करने की बात कही गयी। बाल विवाह रोकने के दौरान संयुक्त टास्क फोर्स टीम में पर्यवेक्षक श्रीमती हेमलता केरकेट्टा, श्रीमती नीलू एक्का, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीअमित तिड़ू टीम मेम्मबर, आरक्षक श्रीमती जया पैंकरा, आरक्षक कुलरंजन एक्का एवं बेलसागर कुजूर द्वारा कार्यवाही की गयी। जिला बाल संरक्षण अधिकारी चन्द्रशेखर यादव द्वारा बताया गया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध है। बाल विवाह से बच्चों के सर्वागीण विकास प्रभावित होता है। बाल विवाह रोक-थाम हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू किया गया है। जिसमें लड़के की आयु 21 वर्ष एवं लड़की की आयु 18 वर्ष निर्धारित की गयी है। अधिनियम के तहत् बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता पिता, सगे संबंधी, बाराती यहाॅ तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही किया जाना प्रावधानित है। अधिनियम के तहत् 2 वर्ष के कठोर सश्रम कारावास तथा 1 लाख का जुर्माना अथवा दोनो से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।



# मधुमक्खी के डंक से जनजीवन को सुरक्षित रखने की रूपरेखा तय

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय सहित पत्थलगांव, कांसाबेल और कुनकुरी विकासखण्ड में मधुमक्खियों के अनगिनत छत्तों को लेकर आम लोगों के साथ ही खास लोगों में बढ़ती असुरक्षा को देखते हुए डीएफओ की पहल पर जिला प्रशासन ने महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। जिसको लेकर बीते 10 अप्रैल को वर्चुअल कांफ्रेंस हुआ। विदित हो कि 9 अप्रैल 2024 को सरहुल पूजा के दौरान धुंए से परेशान मधुमक्खियों का झुंड पूजा कर रहे बैगाओं व अन्य लोगों पर टूट पड़ा था। जिसके बाद जिले भर में मधुक्खियों के छत्ते समाचारों की सुर्खियों में हैं। मधुक्खियों के ऊंचाई पर छत्ते बनाने की वजह से ऊंचे पेड़ों और भवनों में इनका डेरा दिखता है। कई बार ये पक्षी की चोंच मारने से तेज हवा के झोंके से और छत्तों के नीचे आग लगाने, धुँआ करने से भड़क जाते हैं और हमला कर देते हैं।

# बिना बताए अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टरों व स्टॉफ पर कार्रवाई

## कलेक्टर ने जिला अस्पताल में जेल वार्ड बनाने के दिए निर्देश

छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक विनय कुमार लंगेह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि बैकुण्ठपुर स्थित जिला अस्पताल सहित जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टर, स्टॉफ नियमित रूप से व समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा है कि डॉक्टर व स्टॉफ बिना बताए अस्पतालों से अनुपस्थित रहने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए हैं। श्री लंगेह ने कहा कि अस्पतालों में समय पर डॉक्टरों व स्टॉफ नहीं मिलने से मरीजों व उनके परिजनों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। श्री लंगेह ने कहा कि आम लोगों से जुड़े स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, राशन, पेयजल जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सेंगर ने बताया कि बिना बताए अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टर व स्टॉफ से स्पष्टीकरण मांगा गया है, स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होने पर कार्यवाही करने की बात कही। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने डॉक्टरां, स्टॉफ नर्स, अधिकारियों-कर्मचारियों व वार्ड बॉय को समय पर अस्पताल पहुंचने तथा उपस्थिति पंजी में नियमित हस्ताक्षर करने के निर्देश दिए हैं। श्री लंगेह ने जिला अस्पताल, बैकुण्ठपुर के सिविल सर्जन को शीघ्र 'जेल वार्ड' स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। बता दें जेल में बंद व विचाराधीन कैदियों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच, उपचार के लिए अस्पताल लाए जाते हैं। ऐसे में एक अलग से 'जेल वार्ड' बनने से जांच-उपचार में सुविधा होगी साथ ही समय की बचत होगी।

# रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

**जशपुरनगर।** लोकसभा चुनाव 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रत्येक मतदाता को जागरूक करने के साथ ही चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशनुसार तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखण्डों में स्वीप कार्यक्रम के तहत् रैलियॉ, रंगोली प्रतियोगिता, मेहन्दी प्रतियोगिता, सहित कई कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन में मतदान को लेकर जागरूक किया जा रहा है निजी एवं राजकीय विद्यालयों में रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

# अखंड अष्टप्रहरी नाम संकीर्तन महायज्ञ बटूराकछार में सम्मिलित हुई गोमती साय, किलकिला मंदिर एवं वनदेवी मंदिर में किया दर्शन

## पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्रवासियों, जशपुर जिलावासियों एवं प्रदेशवासियों को सुख समृद्धि प्रदान करने माँ कालरात्रि से की प्रार्थना

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुर।** विधायक गोमती साय सोमवार को पत्थलगांव ग्रामीण भाजपा मंडल अंतर्गत ग्राम बटूराकछार में आयोजित अखंड अष्टप्रहरी नाम संकीर्तन महायज्ञ में सम्मिलित होने पहुंची। श्रीमती साय ने कहा कि अखंड अष्टप्रहरी नाम संकीर्तन महायज्ञ पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में आयोजित किया जाता है। हम सनातन धर्म के अनुयायी है। प्रभु राम का नाम ही सुख शांति प्रदान करता है। प्रभु राम का संकीर्तन पूरे गांव व आस पास के सभी गांवों में सुख शांति प्रदान करता है।





नवरात्रि के पावन पर्व पर पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय किलकिला मंदिर एवं वनदेवी मंदिर में दर्शन करने पहुंची। श्रीमती साय ने कहा कि आज नवरात्रि की सप्तमी माँ कालरात्रि का दिन है। मां कालरात्रि पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्रवासियों, जशपुर जिलावासियों एवं प्रदेशवासियों को सुख समृद्धि प्रदान करे। इस अवसर पर पत्थलगांव ग्रामीण भाजपा मंडल प्रभारी हरजीत सिंह, ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष चमर साय, महेश गुप्ता सहित ग्रामीण भाजपा मंडल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गर्मी में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित हो: कलेक्टर श्री लंगेह

छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय निकाय तथा जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर, सोनहत के अधिकारियों से कहा कि गर्मी के मौसम में भू-जल नीचे चले जाने से पेयजल की समस्या उत्पन्न होती है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण तथा नगरीय निकायों में पेयजल समस्या न हो इसके लिए माकूल व्यवस्था सुनिश्चित करें। श्री लंगेह ने कहा कि जिले के सभी गांवों, कस्बों के घरों तथा पारा-मोहल्ले में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारी व उनके अमले सतत दौरा करें व आम लोगों से जानकारी प्राप्त करें।

कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि किसी भी स्थिति में पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो इसके लिए विशेष रूप से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी छात्रावास, आंगनवाड़ी, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, वार्ड, ग्राम पंचायत आदि स्थानों से जानकारी प्राप्त करें और पेयजल की समस्या को तत्काल निराकरण करें। श्री लंगेह ने कहा कि जिन स्थानों में बोर सूखने की शिकायत मिल रही है, वहां वैकल्पिक व्यवस्था करें ताकि आम लोगों को पेयजल की समस्या से निजात मिले।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने महिला बाल विकास विभाग ने की तैयारी

## बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं, कानून अपराध भी है

छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** आगामी 10 मई को अक्ष्य तृतीया पर्व है हिंदुमान्यता के अनुसार इस अवसर पर कोई भी कार्य करने के लिए शुभ माना जाता है जिसके लिए किसी विशेष मुहूर्त की आवश्यकता नहीं होती है, जिस कारण इन पर्व के दिन बाल विवाह की संभावना को देखते हुए शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला बाल संरक्षण की टीम सक्रिय है। बाल विवाह एक समाजिक बुराई ही नहीं, कानून अपराध भी है, जिसके लिए 18 वर्ष के पूर्व लड़की तथा 21 वर्ष से पूर्व लड़के का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है। जिसके लिए कानून में कठोर दंड का प्रावधान है। जिसके अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर-वधु के माता-पिता, विवाह में शामिल होने वाले सगे संबधियों ,बाराती, समाज, यहां तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण शिशु मृत्यु दर के साथ-साथ बालिकाओं में एनीमिया तथा घरेलू हिंसा में वृद्धि होती है। जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा संबधित विभागों एवं सर्व समाज के प्रमुखों, मैरिज हांल, प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों, पंचायत के सरपंच, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्यवाही किये जाने के निर्देश जारी किए गए है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि जिले में बाल विवाह कराए जाने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल उसकी सूचना जिला बाल संरक्षण इकाई, परियोजना अधिकारी, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा थाना, चौकी प्रभारी, आपातकालीन नंबर 112 पर सूचना देकर बाल विवाह की रोकथाम में अपना सहयोग प्रदान करें।

# रामनवमीं पर्व मनाये जाने कुनकुरी पुलिस थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न

छ.ग.फ्रंटलाइन

**कुनकुरी।** एसडीएम नंदजी पाण्डे एवं एसडीओपी विनोद कुमार मण्डावी की उपस्थिति में आज मंगलवार को कुनकुरी पुलिस थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने समिति के सदस्यों और समाज प्रमुखों से शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।



एसडीओपी विनोद मण्डावी ने कहा कि पर्व के साथ लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में आदर्श आचार संहिता भी लागू है। जिले में आदर्श आचार संहिता का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाए जाएं। उन्होंने कहा कि कुनकुरी क्षेत्र शांति और भाईचारे की मिसाल है, इसे बनाए रखें। साथ ही हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करना होगा। एसडीएम नंदजी पाण्डे ने बैठक में कहा कि रामनवमीं पर्व को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों और समाज प्रमुखों से अपील करते हुए कहा कि अनुशासन और नियंत्रण बनाए रखने लोगों को हिदायत दें जिससे नगर एवं क्षेत्र की शांति भंग ना हो। उन्होंने कहा कि पुलिस बल के साथ विभिन्न समाज के स्वयंसेवकों की भी मदद ली जाएगी। साथ ही त्योहारों के मद्देनजर पार्किंग, यातायात की व्यवस्था के लिए भी स्थल निरीक्षण कर बेहतर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। बैठक में समिति के सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखे। समिति के सदस्यों द्वारा रामनवमीं पर्व को लेकर किये जा रहे आयोजनों की जानकारी भी प्रशासन को दी, जिससे प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं यातायात की व्यवस्था सुनिश्चित करने में सुविधा हो सके।

ग्राम लोधमा के निवासियों का भी एक प्रतिनिधि मण्डल शांति समिति की बैठक में सम्मिलित हुआ। गत वर्ष रामनवमीं पर्व पर ग्राम में निकाली गई शोभायात्रा पर हुए विवाद के बाद इस वर्ष रामनवमीं पर्व का आयोजन ग्राम में शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन से अनुरोध किया गया। बैठक में तहसीलदार मुखदेव यादव, थाना प्रभारी मल्लिका तिवारी, बीएमओ श्रीमती के कुजूर, एसआई खोमराज ठाकुर, एएसआई मनोज साहू के साथ शांति समिति के सदस्य, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने की लोकसभा निर्वाचन के तैयारियों की समीक्षा

**★ निर्वाचन आयोग से प्राप्त मार्गदर्शिका के अनुरूप मतदान दलों को प्रशिक्षण देने के दिए निर्देश ★ समय-सीमा की बैठक सम्पन्न**



**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले में चल रहे लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर श्री एक्का ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिम्मेदारी एवं गंभीरता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने ईडीसी, पोस्टल बैलेट के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्वाचन कार्य में लगे कर्मचारियों को डाक मतपत्र, ईडीसी जारी करने एवं इन मतदाताओं के लिए बनाए जा रहे सुविधा केंद्र के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री एक्का ने कहा कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठजन और ऐसे दिव्यांगजन जो मतदान केंद्र जाने में अक्षम हों, उन्हें होम वोटिंग के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने होम वोटिंग, पोस्टल बैलेट वोटिंग के नियमों का पालन करते हुए सभी आवश्यक तैयारी समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को उनसे संबद्ध मतदान केन्द्रों का भ्रमण करने और वहां छाया, पानी, बिजली, शौचालय आदि सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि सुविधाओं में कोई कमी हो तो उसे समय पूर्व दुरूस्त करा लें। कलेक्टर ने मतदान दलों को दी जाने वाली सामग्री, मेडिकल किट, वाहन की उपलब्धता, रूट चार्ट, ईव्हीएम मशीन के वितरण एवं संग्रहण में पार्किंग व्यवस्था इत्यादि के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मतदान प्रक्रिया के संबंध में मतदान दलों के प्रशिक्षण की जानकारी लेते हुए निर्वाचन आयोग से प्राप्त मार्गदर्शिका के अनुरूप प्रशिक्षण देने की बात कही। साथ ही उन्होंने सुविधा केन्द्र में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने सहित निर्वाचन की संपूर्ण गतिविधियों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वीप कार्यक्रम के तहत किए जा रहे मतदाता जागरूकता गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने आगामी दिवसों में स्वीप अंतर्गत मतदान हेतु लोगों को जागरूक करने तथा विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदान तिथि 07 मई 2024 को लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने अंतर्राज्यीय सीमाओं के चेक पोस्टों तैनात अधिकारी एवं कर्मचारियों को अवैध सामग्रियों पर लगातार निगरानी रखने तथा स्थैतिक निगरानी दल की टीम को सतर्कता, सजगता एवं सक्रियता पूर्वक करने को कहा।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अमित श्रीवास्तव संयुक्त कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी,डिप्टी कलेक्टर, सहित विभागीय नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## 7 मई मतदान तिथि को अवकाश घोषित

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अमित श्रीवास्तव ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्यक्रम अनुसार तृतीय चरण 07 मई 2024 को मतदान दिवस सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने शासन के निर्देशों का पालन कराए जाने सर्व विभाग प्रमुखों और कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है।

# कोयला घोटाला के जांच में तीसरी बार पहुंची सीबीआई पांचवे दिन लौटी

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के रेहर भूमिगत खदान परियोजना में करीब दो वर्ष पूर्व जुलाई 2022 में सामने आए दो करोड़ से अधिक के कोयला घोटाला की जांच मामले में तीसरी बार बिश्रामपुर पहुंची सीबीआई रायपुर की टीम पांचवें दिन दस्तावेजों की जांच व सम्बंधित अधिकारियों के बयान के बाद वापस मुख्यालय लौट गई है। दो वर्ष पूर्व एक गोपनीय शिकायत पर कंपनी की विजलेंस टीम ने रेहर खदान के कोल स्टॉक का जांच किया था, जांच में दो हजार सात सौ टन कोयला शार्ट पाए जाने के बाद अलग-अलग टीम द्वारा कोल स्टॉक का अलग-अलग चरणों में मेजरमेंट कराया गया था, जिसमें गड़बड़ी की पुष्टि होने के बाद विजलेंस की टीम खदान के दस्तावेजों को जब्त कर अपने साथ ले गई थी। विजलेंस टीम द्वारा भी खदान में कई बार दबिश देकर अधिकारियों को मुख्यालय तलब कर पूछताछ किया गया लेकिन विजलेंस द्वारा मामले में किसी भी प्रकार की कार्यवाही न कर केवल अधिकारियों का दूसरे क्षेत्र में स्थानांतरण कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। शिकायतकर्ता द्वारा मामले की सूचना सीबीआई से कर नए सिरे से जांच की मांग किए जाने के बाद सीबीआई टीम के पिछले दिनों अचानक बिश्रामपुर पहुंच




मामले की जांच शुरू करने के बाद अब दोषी अधिकारियों की धड़कने बढ़ गई हैं। संबंधित अधिकारी अब उनके ऊपर एफआईआर होने जेल जाने के डर से भयभीत बताए जा रहे हैं। ज्ञात हो कि सीबीआई की टीम छह जनवरी को पहली बार यहां जांच में पहुंची थी, दो दिन जांच के बाद लौट गई टीम दुसरी बार 18 फरवरी को यहां फिर पहुंची और 22 दिनों तक ट्रांजिट हाउस में रुककर सबूतों को एकत्र करती रही और इस दौरान दो वर्ष से गत अक्टूबर तक के खदान का प्रोडक्शन व कोल डिस्पैच के फाइलों से करीब चार हजार से अधिक जिराक्स पेपर साथ ले गई। अब तीसरी बार गत दिनों 10 अप्रैल से 14 अप्रैल तक सीबीआई की टीम ने यहां कैम्प कर रविवार को लौट गई है।

### दागियों को बचाने मामले को लटकाया

बताया जा रहा है कि दो वर्ष पूर्व जब दो करोड़ रुपए का घोटाला सामने आया था, तब प्रबंधन अपना दामन बचाने खदान के मैनेजर फिरोज अंसारी सहित महाप्रबंधक संचालन महेश चौधरी, सर्वेयर सहित क्षेत्रीय सर्वेक्षण अधिकारी का दूसरे क्षेत्र में तबादला कर मामले को दबाने का प्रयास किया था। अधिकारियों के तबादले के बाद मामला ठंडा भी पड़ गया। दो वर्ष तक जांच के नाम मामला लटकाकर लीपापोती के आरोपों के बीच सीबीआई की एंट्री ने संबंधित अधिकारियों की धड़कन बढ़ा दी है बताया जा रहा है कि घोटाले के सूत्रधार मैनेजर फिरोज अंसारी व पूर्व सब एरिया मैनेजर बीके चौधरी के खिलाफ सीबीआई को घोटाले के पुख्ता सबूत मिले हैं। मामला सामने आने के बाद कोल स्टॉक में बड़ी मात्रा में सेल को क्रश कर साथ में काली मिट्टी मिलाने और खदान की डेली उत्पादन रिपोर्ट को अंडर रिपोर्ट बताने के सबूत सीबीआई के हांथ लगने की जानकारी सूत्र दे रहे हैं।

## लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए होर्डिंग के माध्यम से दिया जा रहा मतदान का संदेश

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए नागरिकों को जागरूक करने हेतु लगातार प्रेरित किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न चौक-चौराहों, बस स्टैण्ड, विभिन्न स्थानों पर स्वीप का होर्डिंग व फ्लैक्सी लगाकर मतदान के प्रति लोगो को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का के निर्देशन में जिले में मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में स्वीप अन्तर्गत निरंतर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। महिलाएं, युवा वर्ग बढ़-चढ़ कर मतदाता जागरूकता अभियान में हिस्सा लेते हुए मतदान के लिए संदेश दे रही है।

# महाअष्टमी पर देवी धामों में भक्तों का लगा तांता

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** चैत्र नवरात्रि में पूरे नौ दिन देवी मां के अलग-अलग स्वरूपों की आराधना की जा रही है। चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा आज देवी मंदिरों में विधि विधान के साथ भक्तों द्वारा की गई। इसके लिए सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। बताया जा रहा है कि हिंदू पंचांग के अनुसार अष्टमी तिथि की शुरुआत 15 अप्रैल की दोपहर 12 बजकर 11 मिनट से हो चुकी थी, और इसका समापन 16 अप्रैल की दोपहर 1 बजकर 23 मिनट पर हुआ। चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर भक्तों द्वारा पूरी विधि विधान के साथ माता रानी की पूजा अर्चना करने पश्चात कन्या पूजन की गई। नवरात्रि उपासकों द्वारा कन्या पूजन के दौरान कन्याओं के पैर धोकर ने उन्हें साफ स्थान पर बैठाकर



कन्याओं को देवी दुर्गा का रूप मानकर भोजन कराकर यथाशक्ति दान किया गया। महा अष्टमी को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। पूरे दिन भक्तों द्वारा पूजा अर्चना व भोग भंडारे का आयोजन जगह-जगह कराया गया। इसके पूर्व चैत्र नवरात्रि के सप्तमी तिथि को स्वयं भू मां कालरात्रि मंदिर में भक्तों द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां का श्रृंगार, अभिषेक कराकर विधिवत पूजा अर्चना की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर मां कालरात्रि की पूजा अर्चना किए। चैत्र नवरात्रि को लेकर आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर व स्वयं भू मां कालरात्रि मंदिर के अलावे कालीघाट मंदिर, कुमदा कालोनी, कंदरई जोगी माडा में स्थित दुर्गा मंदिर व अन्य सभी मंदिरों में भक्तों द्वारा पूजा अर्चना कर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने मन्नत मांगी गई।

### अखंड रामायण पाठ शुरू

रामनवमी को लेकर नगर के बस स्टैंड के समीप स्थित दक्षिणमुखी संकटमोचन हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ शुरू कराई गई है। अखंड रामायण पाठ का समापन व हवन 17 अप्रैल को यहां पर संपन्न कराकर दोपहर 12 बजे भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। साथ ही शाम पांच बजे से सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा।

# उदासीनता की शिकार हुई मां समलेश्वरी देवी धाम

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** अंचलवासियों के आस्था की केन्द्र आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर देवी धाम में आज भी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार न होने से भक्तों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर कई जनप्रतिनिधियों ने विस्तार की दम तो भरी जरूर लेकिन वह केवल आश्वासन तक ही सिमट कर रह गई है। प्रतिवर्ष चैत्र व शारदीय नवरात्रि में बड़ी संख्या में जिले सहित अन्य प्रांतों से श्रद्धालु धाम में पहुंचकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण कराते हैं। बावजूद इसके यहां पर आज वर्षों बाद भी मूलभूत सुविधाओं का टोटा होने से भक्तों को परेशानी उठानी पड़ती है। मान्यता है कि आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर स्थापित देवी मां की मूर्ति बौद्ध काल की है। प्राचीन काल में मातारानी की प्रतिमा यहीं घने जंगलों के बीच स्थित थी, जहां लोक आस्था के बढ़ते हुए क्रम में सुदामा सोनी के अथक प्रयास से भक्तों द्वारा उन्हें कुटिया से मंदिर में विराजित कराया गया था। मान्यता है कि आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर का निर्माण 1975-76 ईसवी के आसपास हुआ तथा गर्भगृह के निर्माण खुदाई से प्राप्त शिलाओं द्वारा ही



किया गया है। वर्तमान समय में भी 6-7 फिट खुदाई करने मात्र से शिलाएं प्राप्त होने लगती हैं। मान्यता यह भी है कि यहां पर सरगुजा रियासत के महाराजा रघुनाथ शरण सिंह भी प्रतिदिन यहां पर अंबिकापुर से पहाड़गांव होते हुए शिकारी रोड़ से सुबह शाम माता जी की पूजा अर्चना करने घुड़सवारी करके आते थे। 1800 ईसवी के आसपास यहां से एक प्रतिमा को सरगुजा रियासत के महाराजा द्वारा अंबिकापुर में ले जाकर स्थापित करके पूजा अर्चना की जाती थी। मान्यता यह भी है कि यहां पर जयनगर रानी बगीचा के पास ही 1875-80 के आसपास सरगुजा रियासत के महाराजा रघुनाथ शरण सिंह अपनी रानी के साथ निवास भी करते थे। यहां पर वर्ष 1995 में यहां पहली बार 11 मनोकामना ज्योति कलश भक्तों द्वारा प्रज्वलित कराए गए थे, जो अब बढ़कर हजार ज्योति कलश के आसपास पहुंच गई है। यहां पर वर्ष 1997 से मंदिर समिति द्वारा शारदीय नवरात्रि के दौरान रावण दहन की प्रक्रिया शुरू कराई गई है। समलेश्वरी महामाया मंदिर में प्रतिवर्ष चैत्र व शारदीय नवरात्रि के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर अपनी मनोकामना पूर्ण कराते हैं।

### भैंसा की बलि पर रोक

मान्यता के अनुसार यहां पर प्राचीन काल में भैंसा की बलि भक्तों द्वारा चढ़ाई जाती थी लेकिन उस प्रथा को वर्षों पूर्व पूर्ण रूप से बंद करा दिया गया है। यहां पर अब केवल बकरे या भूरे कोहड़े की बलि ही भक्तों द्वारा चढ़ाई जाती है।

### मिले केवल कोरे आश्वासन

यहां पर समलेश्वरी महामाया मंदिर परिसर की जीर्णोधार की जरूरत है। जनप्रतिनिधियों द्वारा भक्तों के सुविधा विस्तार हेतु केवल कोरे आश्वासन ही आज पर्यंत तक देते रहे हैं। यहां पर आज मंदिर के जीर्णोधार के अलावे मंदिर के मुख्य द्वार से एनएच 43 तक भक्तों की सुविधा हेतु शेड निर्माण कार्य की काफी जरूरत है। साथ ही मंदिर को ट्रस्ट में शामिल कराए जाने हेतु वर्षों से ग्रामीण जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के केवल चक्कर काटने ही मजबूर दिखाई पड़ रहे हैं।

# मां दुर्गा और काली का रूप धारण कर बच्चों ने लोगों से शत प्रतिशत मतदान करने किया आह्वान

**मतदाता जागरूकता रैली निकाल स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान की मांग**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय मतदाता जागरुकता अभियान के तहत शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला जयनगर और शासकीय प्राथमिक शाला चट्टीडांड़ ने संयुक्त रूप से प्रधान पाठक हर्ष नारायण शर्मा और प्रधान पाठक गौतम शर्मा के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। बच्चे लालच देकर



वोट जो मांगे भ्रष्टाचार करेगा आगे और देश की तरक्की का ध्यान करें, घर से निकलकर मतदान करें के संबंधित नारा लगाते हुए विद्यालय से गांव में होते हुए केनापारा की विख्यात मां कालरात्रि और समलाई मंदिर पहुंचे। यहां बच्चे मां दुर्गा और काली का रुप धर श्रद्धालुओं को मतदान हेतु जागरूक करते नजर आए। साथ ही बच्चों ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के समक्ष नारे लगाकर और पम्पलेट बांटकर 7 मई को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील करते हुए उन्हें मतदान के महत्व को बताया। प्रधान पाठक हर्ष नारायण शर्मा ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य बच्चों को अपने धार्मिक संस्कृति से अवगत कराना व समुदाय से जोड़कर स्वतंत्र अभिव्यक्ति का विकास करते हुए लोगों को 7 मई को होने वाले? निर्वाचन में मतदान हेतु जागरूक करना था। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान पाठक विनिता सिंह, शिक्षक सीमा सोनी, रीता देवी, गरिमा श्रीवास व लौकेश कुमार साहू का सक्रिय रहे।

## पशुओं में किया जा रहा है टीकाकरण का कार्य

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं बलरामपुर ने बताया है कि ग्रीष्म ऋतु के प्रारंभ होते ही पशुओं में विभिन्न प्रकार की बीमारियों के रोकथाम हेतु टीकाकरण का कार्य सम्पूर्ण जिले में कराया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत रामचन्द्रपुर के ग्राम पंचायत हरिहरपुर में विभाग एवं वेटनरी वेन के सहयोग से पशु चिकित्सा कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में ग्राम के सभी बकरियों में पी.पी.आर. एवं अन्य टीकाकरण का कार्य घर-



घर जाकर विभागीय अमले द्वारा किया जा रहा है। कैम्प के माध्यम से लगभग 300 बकरियों में पी.पी.आर. का टीकाकरण कार्य किया गया।

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें ने बताया कि यह टीकाकरण अभियान के माध्यम से पूरे जिले में शत-प्रतिशत पशुओं में टीकाकरण करने का लक्ष्य रखा गया है। सभी विकासखण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी को पर्याप्त मात्रा में टीका द्रव्य उपलब्ध करा दिया गया है तथा उनके द्वारा टीकाकरण कार्य प्राथमिकता से कराया जा रहा है।

## मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण विकासखण्ड स्तर पर 18 एवं 19 को

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत जिले के मतदान केन्द्रों में मतदान कराने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों का प्रथम प्रशिक्षण विकासखण्ड स्तर पर 18 एवं 19 अप्रैल 2024 को आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी मतदान कराने में लगाई गई है उन्हें निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रशिक्षण में समय पर नियत स्थान में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# लालू जी आबादी बढ़ाएं, मोदी जी आवास बढ़ा रहे: योगी

- बिहार के चुनावी समर में गरजे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
- सीएम योगी ने नवादा से उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में की जनसभा
- अपील: राजनीति का अपराधीकरकण करने वालों की गर्मी निकाल दीजिए
- मोदी जी भारत को डिजिटल युग में ले जा रहे, राजद वाले लालटेन युग की तरफ ढकेल रहे: योगी
- सीएम: कांग्रेस ने कभी भी कर्पूरी ठाकुर का सम्मान नहीं किया, उन्हें 'भारत रत्न' मिलने से बिहारवासियों का सम्मान बढ़ा

एजेंसी

**नवादा** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बिहार के नवादा में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। यहां से भाजपा उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में कमल खिलाने की अपील की। एक तरफ सीएम योगी ने विकास कार्यों के बलबूते एनडीए गठबंधन के लिए वोट की अपील की तो दूसरी तरफ कांग्रेस व राजद को खूब धोया। उन्होंने अंधेरगर्दी युग को याद दिलाकर राजद को घेरा तो महापुरुषों का सम्मान करने वाली भाजपा को संकल्पों को भी याद दिलाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्थानीय भाषा में लोगों का अभिवादन किया।

## राजद व उनके लोग लालटेन युग की तरफ पीछे ढकेल रहे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निशाने पर राष्ट्रीय जनता दल रहा। उन्होंने कहा कि इस बात की गारंटी है कि दिल्ली से पैसा अब सीधे अकाउंट में आता है। विकास कार्यों को गिनाते हुए सीएम योगी ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में पिछले 10 वर्ष में चार करोड़ गरीबों को मकान मिले हैं। अगले पांच वर्ष में तीन करोड़ और मकान बनाएंगे। ईश्वर लालू जी को स्वस्थ करें, वह आबादी बढ़ाएं और भाजपा आवास बनाने का कार्य करेगी। एक तरफ मोदी जी भारत को डिजिटल युग में ले जा रहे हैं तो दूसरी तरफ राजद व उनके लोग लालटेन युग की तरफ पीछे ढकेल रहे हैं।

## कांग्रेस व सहयोगियों ने जयप्रकाश बाबू व कपूरी ठाकुर को सम्मान नहीं दिया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नवादा देश के लोकतंत्र को बचाने वाले स्व. जयप्रकाश बाबू की पावन कर्मभूमि और पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कपूरी ठाकुर की पावन धरा है। बिहार ने देश को सब कुछ दिया। संविधान निर्माण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र बाबू, पूर्व मुख्यमंत्री कृष्ण बाबू इसी जमीं के हैं। कांग्रेस व उनके सहयोगियों ने कभी जयप्रकाश जी, कपूरी ठाकुर को सम्मान नहीं दिया, लेकिन पीएम मोदी व भाजपा ने कपूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' देकर बिहार वासियों को सम्मान दिया। इसे लोकतंत्र की प्रारंभिक भूमि के रूप में जाना जाता है। यह देश के इतिहास को बनाने व लोकतंत्र का पाठ पढ़ाने वाली भूमि है। लोकतंत्र के सामने सबसे बड़ा संकट राजनीति का अपराधीकरण, अपराधियों का राजनीतिकरण रहा। जातिवादी-परिवारवादी राजनीति लोकतंत्र में सबसे बड़ी बाधा है।



## धारा-370 जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से अलग करती थी

सीएम योगी ने कहा कि सुरक्षित माहौल में ही विकास की परिकल्पना को बढ़ा सकते हैं। 2019 के पहले जम्मू-कश्मीर के अंदर शेष भारत का कोई नागरिक जमीन नहीं खरीद सकता था। धारा-370 जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से अलग करती थी। पीएम मोदी व गृह मंत्री अमित शाह ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार करते हुए धारा-370 समाप्त किया। सीएम ने कहा कि रामलला विराजमान हुए अयोध्या में, उत्साह-उमंग था बिहार में। रामलला मंदिर के लिए सबसे पहला उपहार बिहार से ही आया था। उन्होंने कहा कि नौजवानों को 10 लाख रुपये तक का ब्याज फ्री लोन मिलता था। संकल्प पत्र में कहा गया कि अब यह राशि बढ़ाकर 20 लाख कर दी गई।

## राजद को रंगदारी वसूली से फुर्सत नहीं थी

सीएम योगी ने कहा कि राजद को रंगदारी वसूली से फुर्सत नहीं थी, लेकिन भाजपा-एनडीए सरकार में रंगदारी नहीं हो सकती। राजद व सहयोगी दल के लोग तमंचा लहराने वाले लोग हैं, इन्हें टैबलेट से क्या मतलब। भाजपा व सहयोगी दल डिजिटल इंडिया के जरिए आत्मनिर्भर भारत व विकसित भारत की परिकल्पना को साकार बनाने के सारथी के रूप में बढ़ाना चाहते हैं, लेकिन राजद व सहयोगी दल डिजिटल इंडिया का विरोध करते हैं।

## राजनीति का अपराधीकरकण करने वालों की गर्मी निकाल दीजिए

सीएम ने कहा कि यूपी में तिनका भी नहीं हिलता। हमने सिर्फ अयोध्या में ही रामलला को विराजमान नहीं किया है, बल्कि माफिया व अपराधियों को राम-नाम सत्य की यात्रा पर भी भेज दिया। कुछ जेल चले गए, कुछ जहन्नुम चले गए। कुछ लोगों की यात्रा स्वतः ही आगे बढ़ गई है। यह काम केवल भाजपा कर सकती है। यूपी जैसा हाल आप भी बिहार में चाहते हैं तो 19 अप्रैल को कितनी भी गर्मी हो, परवाह नहीं करना। आप कमल खिलाइए और राजनीति का अपराधीकरण करने वालों की गर्मी निकाल दीजिए।

## जूझने का जज्बा रखते हैं विवेक ठाकुर

सीएम ने कहा कि 2022 में मैं विधानसभा चुनाव लड़ रहा था तो विवेक ठाकुर छह महीने-साल भर तक उप्र में कैंप किया था।

# विदेश में भारतीय छात्रों की मौत के बढ़ते मामले सरकार के लिए बड़ी चिंता का विषय : जयशंकर

एजेंसी

बेंगलुरु। अमेरिका में भारतीय छात्रों पर हिंसक हमलों में वृद्धि के बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि ऐसे मामले जुड़े हुए नहीं हैं लेकिन निश्चित रूप से सरकार के लिए एक बड़ी चिंता का विषय हैं। हमलों में कई भारतीय छात्रों की जान भी गई है। उनके अनुसार, कुछ छात्रों की हत्या व्यक्तिगत कारणों से की गई, जबकि अन्य दुर्घटना के शिकार हुए। जयशंकर ने विदेश में हिंसक हमलों का शिकार बनने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में वृद्धि के बारे में पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए



कहा, जाहिर है, हर मामले में जहां भी छात्रों के साथ कुछ भी दुर्भाग्यपूर्ण हुआ है, यह परिवार के लिए बड़ी त्रासदी है और हमारे लिए एक बड़ी चिंता है, लेकिन हमारे दूतावास या वाणिज्य दूतावास ने हर मामले को देखा है और वे (मामले) वास्तव में आपस में जुड़े नहीं हैं। उन्होंने कहा कि दूतावासों को निर्देश दिया गया है कि वे छात्रों के साथ संपर्क में रहें और उनके साथ बातचीत करें, ताकि उन्हें विशेष रूप से शहरों के खतरनाक इलाकों से बचने के बारे में चेतावनी दी जा सके। उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों में 11 लाख से 12 लाख भारतीय छात्र रहते हैं। जयशंकर ने कहा, छात्रों का कल्याण बहुत महत्वपूर्ण है। जैसा कि मैंने कहा, बाहर जाने वाले हर भारतीय को मोदी की गारंटी है। छात्र कल्याण हमारे लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

# हमारे लिए आस्था का विषय है राम मंदिर, विपक्ष ने बनाया राजनीति का हथियार

एजेंसी

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विपक्ष पर राम मंदिर को 'राजनीतिक हथियार' के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। समाचार एजेंसी एएनआई को दिए एक साक्षात्कार में, प्रधान मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधा और अयोध्या में मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' या अभिषेक समारोह में शामिल नहीं होने के उसके फैसले पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जब हमारा जन्म भी नहीं हुआ था, जब हमारी पार्टी का जन्म भी नहीं हुआ था। उस वक्त ये मामला कोर्ट में निपट सकता था। समस्या का कोई समाधान हो सकता था।



मोदी ने कहा कि जब भारत का बंटवारा हुआ, तो बंटवारे के वक्त वे ये तय कर सकते थे कि ऐसा-ऐसा करेंगे। ऐसा नहीं किया गया. क्यों? क्योंकि ये उनके हाथ में एक हथियार की तरह है, वोट बैंक की राजनीति का हथियार है। कांग्रेस और विपक्षी दलों पर अदालत के फैसले में देरी करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, "यहां तक कि जब मामला अदालत में चल रहा था, तब भी उन्होंने अदालत के फैसले में देरी करने की कोशिश की। क्यों? क्योंकि उनके लिए, यह एक राजनीतिक हथियार था, वे कहते रहे कि राम मंदिर बनाएंगे, तुम्हें मार डालेंगे।"

नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह वोट बैंक को खुश करने का एक तरीका था। अब क्या हुआ? राम मंदिर बन गया, कोई अप्रिय घटना नहीं हुई और वो मुद्दा उनके हाथ से निकल गया। भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू पर परोक्ष हमला बोलते हुए मोदी ने कहा, "दूसरा, उनका स्वभाव। देखिए सोमनाथ मंदिर से लेकर अब तक की घटनाएं। सोमनाथ मंदिर से क्या समस्या थी? डॉ. राजेंद्र बाबू जाना चाहते थे। न कोई जनसंघ था, न कोई भाजपा। लेकिन उन्होंने उसे जाने से मना कर दिया।"

प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकराने के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए मोदी ने कहा आपको गर्व होना चाहिए कि जिन लोगों ने राम मंदिर बनाया है, जिन्होंने इसके लिए संघर्ष भी किया है, वे आपके सारे पाप भूल जाते हैं। वे आपके घर आते हैं और आपको आमंत्रित करते हैं। और वे नई शुरूआत करना चाहते हैं। आप भी उन्हें अस्वीकार करें। उन्होंने कहा कि फिर तो ऐसा लगता है कि वोट बैंक ने आपको लाचार बना दिया है। और उस वोट बैंक की वजह से ऐसी चीजें होती रहती हैं। और ये...किसी को नीचा दिखाना, किसी का अपमान करना, ये उनका स्वभाव है। मोदी ने कहा कि जहां तक रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की बात है तो उन्हें न्योता मिला, लेकिन उन्होंने ठुकरा दिया... जबकि उन्हें गर्व होना चाहिए था। इससे स्पष्ट होता है कि उनके लिए वोटबैंक ही सबसे जरूरी है। ये किसी को नीचा दिखाना अपना अधिकार मानते हैं।

## आयातित कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को 15 अक्टूबर तक पूरी क्षमता से काम करने का निर्देश

एजेंसी

नई दिल्ली, बिजली मंत्रालय ने देश में बढ़ती मांग के बीच बिजली की कमी से बचने के लिए आयातित कोयले का उपयोग करने वाले सभी ताप विद्युत संयंत्रों को 15 अक्टूबर त्यानी अगले साढ़े तीन महीने तक पूरी क्षमता पर काम करने को कहा है। मंत्रालय ने इस साल गर्मी के मौसम (अप्रैल से जून) में 260 गीगावाट की अधिकतम बिजली मांग का अनुमान लगाया है। सितंबर, 2023 में अधिकतम बिजली की मांग 243 गीगावाट के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थी।

# पश्चिम की हवा करेगी भाजपा का सूपड़ा साफ : अखिलेश

भाजपा का जुमला और गारंटी भाई-भाई

एजेंसी

नई दिल्ली, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को दावा किया कि पश्चिम उत्तर प्रदेश में मतदान की लहर देश से भाजपा का सफाया कर देगी। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी हरेंद्र मलिक के पक्ष में बघाड़ा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह खास चुनाव है और इस बार माहौल अलग है। उन्होंने कहा कि हर वर्ग के लोग बीजेपी के खिलाफ खड़े हो गए हैं और जानते हैं कि यूपी से उसका सफाया हो जाएगा।

यूपी के पूर्व सीएम ने कहा कि आज 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सपा सरकार की पहल थी। सपा सरकार ने सड़क पर एम्बुलेंस उपलब्ध कराई। डायल 100 नंबर की व्यवस्था सपा सरकार ने ही की थी। अब भाजपा सरकार में पुलिस ने वसूली बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ने युवाओं को लैपटॉप देकर के डिजीटल डिवाइड को खत्म करने का काम किया था। इस बार भी अगर युवाओं ने मदद किया तो आपको खराब वाला राशन नहीं, हम आपको पौष्टिक आटा और डाटा भी देंगे।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि ये सरकार किसानों की नहीं हैं ये सरकार बड़े-



बड़े उद्योगपतियों की है। यह सरकार हमारे गरीब किसानों की नहीं है, अगर गरीब किसानों की सरकार होती तो हमारे किसानों का भी कर्जा माफ करती, हमारे किसानों को एमएसपी दे देती। जैसे ही कठऊकअ गठबंधन की सरकार बनेगी किसानों का कर्जा माफ करेंगे। उन्होंने दावा किया कि जब से बीजेपी की सरकार देश में आई है पूरे देश में 1 लाख किसानों ने आत्महत्या की है। जो आत्महत्याएं की किसानों ने कोई मदद इस सरकार ने नहीं की है। जो हमारे किसान 3 काले कानून के खिलाफ लड़े शहीद हो गए उनकी कोई मदद इस सरकार ने नहीं की।

यादव ने कहा कि ये जो सरकार नारा दे रही है 400 पार, इन्हें पता नहीं है मुजफ्फरनगर, कैराना, मेरठ, बिजनौर, नगीना, सहारनपुर नारा लग रहा है, 400 हार। सोचिए जिस सरकार के खिलाफ किसान और नौजवान खड़ा हो जाए तो वो सरकार निपट जाएगी कि नहीं निपट जाएगी। उन्होंने कहा कि 80 परसेंट नौजवान बिना नौकरी का है, बताओ जब युवा बिना रोजगार और बिना काम के होगा तो उसकी शादी कहां से होगी? ये बीजेपी वाले नहीं चाहते हैं कि हमारे नौजवान का भविष्य बेहतर हो, उनके सपने पूरे हों। मोदी पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि पहले जुमला लेकर आए थे, अब गांरटी लेकर आ गए हैं। अगर जुमला और गांरटी भाई-भाई हैं, तो जुमले से गांरटी 10 साल बड़ा भाई है।

## अमेठी-रायबरेली में बसपा नहीं देगी कांग्रेस को वॉकओवर

एजेंसी

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमों मायावती पर अक्सर बीजेपी के प्रति नरम रवैया रखने का आरोप लगता रहता है। ऐसा करके एक तरफ समाजवादी पार्टी अपनी प्रतिद्वंदी बसपा को राजनैतिक क्षति पहुंचाने की कोशिश करती है तो दूसरी ओर इसके जरिये सपा प्रमुख अखिलेश यादव मुस्लिम वोटरों को भी बसपा से दूर रखने की साजिश रचते हैं। इसके अलावा बसपा पर इस बात का भी मनोवैज्ञानिक दबाव बनाया जा रहा है कि वह इंडी गठबंधन में शामिल राजनैतिक दलों के खिलाफ अपना प्रत्याशी नहीं उतारे। यानी सपा और कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को बसपा वॉकओवर दे दे, लेकिन बसपा सुप्रीमो मायावती न तो एनडीए और न ही इंडी गठबंधन को किसी तरह की रियात देने के मूड में हैं। कांग्रेस की पुस्तैनी लोकसभा सीट समझी जाने वाली अमेठी और रायबरेली सीटों पर भी बसपा अपना प्रत्याशी खड़ा करने जा रही है। गौरतलब हो कि रायबरेली में कांग्रेस अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी इस बार चुनाव मैदान में नहीं उतर रही हैं। ऐसे में यहां से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के चुनाव मैदान में उतरने की चचाएं हैं।

## भारत के पास दुश्मन के इलाके पर हमला करने की ताकत

आज हर घर और सरकारी भवन में तिरंगा ऊंचा लहरा रहा : राजनाथ

एजेंसी

नई दिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की सभी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी जीतेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व के अधिकांश देश कोविड के संकट से प्रभावित थे। भारत की हालत तो ये थी कि यहां पर कोविड के संकट से निजाद दिलाने के लिए हमारे पास वैक्सीन नहीं थी। आज मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि भारत में शायद ही ऐसा कोई नागरिक हो जिसे कोविड की दो या तीन डोज नहीं लगी होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर मोर्चे पर दुनिया का सबसे मजबूत देश बनकर उभरा है। हमने 28 सितंबर को सर्जिकल स्ट्राइक के जरिए अपनी ताकत साबित की। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में




नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और कांग्रेस जैसे क्षेत्रीय दलों ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए अनुच्छेद 370 का दुरुपयोग किया। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि मैंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की कश्मीर में बर्फ से खेलते हुए तस्वीरें देखीं। अगर अनुच्छेद 370 अभी भी वहां होता तो वे बर्फ से कैसे खेल सकते थे? महबूबा मुफ्ती ने एक बार कहा था कि 'खून की नदियां बहंगी जम्मू-कश्मीर में अगर धारा 370 जाएगी।' मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि जम्मू-कश्मीर में खून की नदियां नहीं, विकास और समृद्धि के साथ दूध और पानी की धाराएं बहेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर अनुच्छेद 370 हट जाएगा तो जम्मू-कश्मीर में कोई भी 'तिरंगा' नहीं उठाएगा, लेकिन आज हर घर और सरकारी भवन में तिरंगा ऊंचा लहरा रहा है। भाजपा के संकल्प पत्र में प्रधान मंत्री मोदी ने 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को मुफ्त इलाज में शामिल करने का आश्वासन दिया है, चाहे वे किसी भी आय वर्ग के हों। पीएम मोदी के अलावा और कौन ऐसा कर सकता है।

# आदिवासी, वनवासी, ग्रामीण या शहरों में रहने वाली हर कन्या देवी है : राज्यपाल

- प्रेरणा संस्था की ओर से चैत्र-नवरात्रि को 2100 कन्याओं का भव्य पूजन एवं वंदन कार्यक्रम का आयोजन
- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि लड़कियों की शिक्षा और सुरक्षा समाज और सरकार का प्रथम कर्तव्य
- 200 से अधिक महिलाओं ने कार्यक्रम की शुरूआत में कन्याओं के चरण धोये एवं तिलक लगाया
- सेवा बस्तियों में रहने वाले बच्चों द्वारा बनाये गए सामान देखकर राज्यपाल एवं अतिथिगणों ने की सराहना

एजेंसी

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मार्गदर्शन से संचालित संस्था 'प्रेरणा' की ओर से सोमवार को चैत्र-नवरात्रि के दिन 2100 कन्याओं का भव्य पूजन एवं वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोमतीनगर विस्तार स्थित सीएमएस ऑडिटोरियम में मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इस अवसर पर कहा कि जिस प्रकार हम भारत माता की पूजा करते हैं, ठीक उसी प्रकार हमें कन्याओं की भी पूजा करते हैं। इसका पर्याय यह है कि यही बच्चियाँ बड़ी होकर एक आदर्श समाज का निर्माण करती हैं। आदिवासी, वनवासी, ग्रामीण या शहरों में रहने वाली हर कन्या देवी है। इनकी शिक्षा और सुरक्षा हमारा प्रमुख दायित्व है। इस अवसर पर लखनऊ की पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया, विशिष्ठ अतिथि के रूप में आरएसएस के क्षेत्र प्रचारक अनिल जी व प्रांत प्रचारक कौशल जी, क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख सुभाष जी, सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं राष्ट्रधर्म पत्रिका के निदेशक मनोजकांत जी, विश्व संवाद केंद्र के प्रमुख डॉ उमेश, क्षेत्र प्रचारिका शशि, सह प्रांत संघचालक सुनीत खरे, राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री, स्वतंत्र प्रकाश, पीएन द्विवेदी और पूर्व राज्य सूचना आयुक्त सुभाष सिंह, एकल विद्यालय अभियान के माधवेंद्र जी, प्रशांत भाटिया एवं डॉ सुनीता गांधी सहित समाज के विभिन्न वर्गों के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## कन्याओं के चरण धोये एवं तिलक लगाया

सेवा बस्तियों में रहने वालीं 2100 कन्याओं का 'प्रेरणा परिवार' द्वारा सोमवार को सुबह 10:00 बजे चैत्र-नवरात्रि के पावन अवसर पर पूजन-वंदन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कई संभ्रांत परिवारों की 200 से अधिक महिलाओं ने कार्यक्रम की शुरूआत में कन्याओं के चरण धोये एवं तिलक लगाया। इसके बाद राष्ट्रगान के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आरम्भ किये गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कन्याओं के चरण धोये। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हर परिवार की जिम्मेदारी है कि वह वह अपनी कन्याओं को उचित शिक्षा दे। यही कन्यां देवी का स्वरूप हैं। वह बड़ी होकर समाज का उन्नत विकास करने में अहम योगदान देती हैं। बेटी चाहे आदिवासी समाज की हो या पिछड़े बसतियों में रहने वाली उन्हें उचित शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था मिलनी चाहिये। समाज के हर व्यक्ति का दायित्व है कि वह कन्याओं का विशेष ध्यान रखे। इस बीच उन्होंने मातृशक्तियों के सन्दर्भ में कहा कि एक महिला जब गर्भावस्था से गुजर रही होती है तो वह जो खाती है। पीती है। पढ़ती है, उसका गर्भ में पल रहे शिशु पर बहुत प्रभाव पड़ता है। वहीं, उन्होंने महिलाओं में बढ़ते सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर के प्रति चिंता प्रकट करते हुये कहा कि इन रोगों से ग्रसित होकर कई महिलां अकाल ही अपनी प्राण गँवा देती हैं। ऐसे में भाजपा ने अपने घोषणापत्र में वैक्सीन लाने की बात कही है। ऐसे में आवश्यक है कि जब यह वैक्सीन उपलब्ध हो जाए तो लोग अपनी बच्चियों को यह वैक्सीन लगवां। कोरोना काल में जिस प्रकार लोगों ने वैक्सीन के प्रति जागरूकता दिखाई थी, ठीक उसी प्रकार इस वैक्सीन योजना को भी सफल बनाना है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

ज्ञात हो कि 'प्रेरणा परिवार' भारत की पारम्परिक रितियों को व्यापक रूप देते हुए समाज में समरसता का संदेश संचारित करने का कार्य करती है। इसी ध्येय वाक्य के अन्तर्गत कार्यक्रम के प्रारम्भ में विभिन्न सेवा बस्तियों से आमंत्रित की गईं 2100 कन्याओं की पूजा की गई। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपस्थित जनसमूह के सामने कुछ बच्चों ने महिषासुरमर्दिनी स्त्रोत पाठ एवं जय अम्बे गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। बच्चों ने कार्यक्रम में के लिए अपनी पोषाक भी स्वयं ही बनाई थी। इसके बाद माता अम्बे की आरती का कर्णप्रिय गायन गायक ओंकार जी ने प्रस्तुत किया। साथ ही, रूबिक्स क्यूब्स के माध्यम से आरएसएस के आद्य सरसंघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं क्षेत्र प्रचारक अनिल जी की तस्वीर बनाई थी, जिसकी सबने सराहना की। अंत में बच्चों को राज्यपाल एवं अन्य अतिथियों ने अपने हाथों से कन्या भोग कराने के साथ ही उपहार स्वरूप 2100 व्यवस्थित स्टेशनरी किट बॉटे।

सम्पादकीय

# विकासशील से विकसित की ओर तेजी से बढ़ रहा देश

नए वर्ष पर देश को आर्थिक मोर्चे पर एक के बाद एक अनेक शुभ संकेत मिले हैं। शेयर मार्केट नए शिखर पर पहुंच गया, सोना भी ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया, विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड पर और भारत का मार्केट कैप पहली बार 400 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में हमारी अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से बढ़ रही है और जल्दी ही हम जापान और जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बन सकते हैं। आईटी और ऑटो शेयरों में भारी खरीदारी के दम पर बीएसई सेंसेक्स पहली बार 75,000 अंक के पार पहुंच गया जबकि निफ्टी भी 22,765 अंक के नए स्तर को छू गया। निफ्टी के 50 शेयरों में से 35 तेजी के साथ ट्रेड कर रहे थे। इससे पहले सोमवार को भारत का मार्केट कैप पहली बार 400 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। पिछले नौ महीने में इसमें 100 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। पिछले साल पांच जुलाई को भारत का मार्केट कैप 300 लाख करोड़ रुपये पहुंचा था। उसके बाद से निफ्टी में 16 प्रतिशत तेजी आई है। भारत का मार्केट कैप 2007 में 50 लाख करोड़ पहुंचा था जबकि 2014 में यह पहली बार 100 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा था। इसमें 200 लाख करोड़ रुपये का स्तर फरवरी 2021 में छुआ था। देसी बाजार का अब अगला बड़ा पड़ाव 5 लाख करोड़ डॉलर बाजार पूंजीकरण हासिल करना होगा, जिससे अभी वह करीब 4 फीसदी पीछे है। बाजार के भागीदारों ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक मजबूती और विदेशी निवेश के निरंतर प्रवाह से शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला बना हुआ है। शेयर बाजार किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार को मापने का पैमाना होता है। यही बताता है कि देश के उद्योग किस गति से आगे बढ़ रहे हैं, आम आदमी किस तरह निवेश और खर्च कर रहा है। बाजार को देखने का एक और मानक होता है सोना। वह भी नव वर्ष के दिन नई बुलंदी पर पहुंच गया। 10 ग्राम सोने की कीमत 71,150 रुपये हो गई। सोमवार को इसमें करीब 1400 रुपये की तेजी आई थी और मंगलवार को 240 रुपये की तेजी के साथ ट्रेड कर रहा है। पिछले कुछ महीनों से सोने की कीमत में भारी तेजी देखी जा रही है। उम्मीद की जा रही है कि अगले कुछ महीनों में यह 75,000 रुपये तक जा सकता है। अर्थव्यवस्था को देखने के लिए किसी भी देश के विदेशी मुद्रा भंडार को भी परखा जाता है। इस क्षेत्र में भी भारत नित नए सोपान छू रहा है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। 29 मार्च 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.951 अरब डॉलर की शानदार बढ़ोतरी हुई और यह 645.583 अरब डॉलर के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। पिछले कई महीनों से भारत अपना गोल्ड रिजर्व भी बढ़ा रहा है और ताजा आंकड़ों के मुताबिक यह 817 टन पहुंच गया है। ये सारे संकेत बताते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था की सेहत न केवल ठीक है बल्कि नई बुलंदी की ओर बढ़ रही है। भारत बड़ी इकॉनमीज में सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है। आईएमएफ के मुताबिक अगले दो साल तक भारत सबसे तेज इकॉनमी बना रहेगा। यूरोपियन पार्लियामेंट के थिंक टैंक एक्सपर्ट का कहना है कि भारत की इकॉनमी चीन से ज्यादा तेज गति से बढ़ रही है और आगे भी यही स्थिति रहेगी। 2023 में भारत की एवरेज ग्रोथ 7.5 फीसदी से ऊपर रहने की संभावना है, जबकि चीन के मामले में 5.2 फीसदी रहने का अनुमान है। माना जा रहा है कि भारत जल्दी ही जापान और जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बन जाएगा। सारे संकेत बताते हैं कि हम विकासशील से विकसित की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन आज भी अनेक क्षेत्र ऐसे भी हैं, जिनमें बहुत कुछ किया जाना शेष है। अगर हैप्पीनेस इंडेक्स को देखे तो हम पड़ोसी पाकिस्तान से भी पीछे हैं। हमें वो उपाय करने होंगे, जिससे हर देशवासी में उल्लास का संचार हो। उसे अपने भविष्य का सुखद अहसास हो। ऐसी ही हालात हंगर इंडेक्स की है। यह बताता है कि देश तो बुलंदी छू रहा है, लेकिन एक तबका आज भी दो रोटी की जंग लड़ रहा है। इसके लिए जरूरी है कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सेहत, शिक्षा और रोजगार तीन ऐसे पैमाने हैं, जो विकसित होने की गारंटी कहे जाते हैं। इन दोनों क्षेत्रों में जल्द से जल्द आमूल-चूल बदलाव की जरूरत है। तभी हम दुनिया में अव्वल राष्ट्र कहला पाएंगे।



विश्लेषण
प्रमोद भार्गव

# देश के लिए संकट बनते खर्चीले चुनाव

> चुनाव आयोग ने लोकसभा उम्मीदवार को 95 लाख रुपये तक खर्च करने की छूट दी हुई है, लेकिन हम सब जानते हैं कि करीब आठ विधानसभाओं में लड़े जाने वाले इस चुनाव में यह राशि ऊंट के मुंह में जीरे के बराबर है। वास्तविक खर्च इससे कई गुना अधिक होता है। प्रत्याशी और दल तो चुनाव में धन खर्च करते ही हैं, सरकार को भी चुनाव कराने में बड़ी धनराशि खर्च करनी पड़ती है, इसलिए खर्च के इस छुटकारे का उपाय एक साथ चुनाव बनाम संयुक्त चुनाव में देखे जा रहे हैं। यदि लोकसभा, विधानसभा, नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव एक साथ होते हैं तो लंबी चुनाव प्रक्रिया के चलते मतदाता में जो उदासीनता छा जाती है, वह दूर होगी।

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि 'उनके पास चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं है।' साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि 'मुझे इस बात को लेकर भी मलाल है कि चुनाव में समुदाय व धर्म जैसी चीजों को जीत तय करने का आधार बनाना पड़ता है, इसलिए मैंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया है।' सीतारमण कई बार लोकसभा का चुनाव लड़ने के अनुभव से गुजर चुकी हैं, इसलिए वे जो कह रही हैं उसमें निश्चित सच्चाई है। हम देख भी रहे हैं कि अनैतिक रूप से कमाए गए धन और आवारा पूंजी ने चुनावी खर्च इतना बढ़ा दिया है कि आम आदमी तो छोड़िए मध्यमवर्गीय व्यक्ति का भी चुनाव लड़ना मुश्किल है। वैसे चुनाव आयोग ने लोकसभा उम्मीदवार को 95 लाख रुपये तक खर्च करने की छूट दी हुई है, लेकिन हम सब जानते हैं कि करीब आठ विधानसभाओं में लड़े जाने वाले इस चुनाव में यह राशि ऊंट के मुंह में जीरे के बराबर है। वास्तविक खर्च इससे कई गुना अधिक होता है। प्रत्याशी और दल तो चुनाव में धन खर्च करते ही हैं, सरकार को भी चुनाव कराने में बड़ी धनराशि खर्च करनी पड़ती है, इसलिए खर्च के इस छुटकारे का उपाय एक साथ चुनाव बनाम संयुक्त चुनाव में देखे जा रहे हैं। संभव है 2029 का चुनाव इसी प्रणाली से हो?

यदि लोकसभा, विधानसभा, नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव एक साथ होते हैं तो लंबी चुनाव प्रक्रिया के चलते मतदाता में जो उदासीनता छा जाती है, वह दूर होगी। एक साथ चुनाव में वोट डालने के लिए मतदाता को एक ही बार घर से निकलकर मतदान केंद्र तक पहुंचना होगा, अतएव मतदान का प्रतिशत बढ़ जाएगा। यदि यह स्थिति बनती है तो चुनाव में होने वाले सरकारी खर्च कम होगा। 2019 के आम चुनाव में करीब 60,000 करोड़ खर्च हुए थे, जबकि 2014 में इसके आधे 30 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए थे। 2024 के चुनाव में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने की उम्मीद है। गैर-लाभकारी संगठन सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज (सीएमएस) के अध्ययन के अनुसार 2019 का आम चुनाव दुनिया में सबसे महंगा चुनाव रहा है। इस चुनाव में औसतन प्रति लोकसभा क्षेत्र 100 करोड़ रुपये खर्च हुए। एक तरह से यह खर्च एक मत के लिए 700 रुपये बैठता है। यह खर्च केवल चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने के बाद का है। कई उम्मीदवार जिनका लड़ना तय होता है, वह साल-छह माह पहले से ही चुनाव की तैयारियों में लग जाते हैं। इस खर्च को अध्ययन में शामिल नहीं किया गया है। यदि लोकसभा क्षेत्र की बात करें तो 75 से 80 सीटें ऐसी थीं, जहां प्रत्याशी विशेष ने 40 करोड़ रुपये से भी अधिक खर्च किए। यह चुनाव आयोग द्वारा प्रत्याशी के लिए तय खर्च की अधिकतम सीमा से 50 गुना से भी अधिक है। 2019 में खर्च की अधिकतम सीमा 70 लाख रुपये थी।

यदि एक साथ चुनाव होते हैं तो राजनीतिक दल और प्रत्याशी को भी कम धन खर्च करना होगा। दरअसल अलग-अलग चुनाव होने पर हारने वाले कई प्रत्याशी एक बार फिर किस्मत आजमाने के मूड में आ जाते हैं,



वहीं विधायकों को भी लोकसभा चुनाव लड़ा दिया जाता है। ऐसी स्थिति में जो सीट खाली होती है, उसे फिर से छह माह के भीतर भरने की संवैधानिक बाध्यता के चलते चुनाव कराना पड़ता है। नतीजतन जनता के साथ-साथ प्रत्याशी को भी चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी उदासीनता झेलनी पड़ती है। इस कारण सरकारी मशीनरी की जहां कार्य संस्कृति प्रभावित होती है, वहीं मानव संसाधन का भी ह्रास होता है।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। सात चरणों में करीब ढाई माह चुनाव प्रक्रिया चलेगी। भारत की भौगोलिक स्थिति के अनुरूप चुनाव को देखें तो उत्तर हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं से लेकर दक्षिण में हिंद महासागर तक और पश्चिम में थार के रेगिस्तान से लेकर पूर्व में सुंदर वन के मैंग्रोव जंगल के इलाके भी चुनाव प्रक्रिया में शामिल रहते हैं। इनमें अनेक मतदान केंद्र ऐसे होते हैं, जहां मतदानकर्मियों को पालतू मवेशियों और नावों में चुनाव सामग्री लादकर ले जानी पड़ती है। ऐसे में प्रति मतदाता चुनाव का औसत खर्च 700 रुपये तक बैठता है। जबकि देश की साठ फीसदी आबादी बमुश्किल औसतन 250 रुपये प्रतिदिन कमा पाती है। ऐसे में बार-बार चुनाव में खर्च निश्चित ही एक चिंता का विषय है। सरकारी खर्च के अलावा प्रत्याशियों को टीवी, रेडियो, सोशल मीडिया और अखबारों में विज्ञापन पर बड़ा खर्च करना होता है। वाहन, भोजन, पोस्टर-बैनर और नेताओं के लिए जुलूस व आम सभाओं पर भी बड़ा खर्च होता है। यदि इन प्रत्यक्ष खर्चों के अलावा अप्रत्यक्ष खर्चों को देखें तो शराब, वोट के बदले नोट और उपहार के रूप में कोई वस्तु देने पर भी बड़ा खर्च प्रत्याशियों को उठाना पड़ता है। चुनाव में होने वाली खर्च की बड़ी राशि को सार्वजनिक नहीं किया जाता, क्योंकि ज्यादा खर्च दिखाना तय राशि का उल्लंघन माना जाएगा। इसके बावजूद हम देखते हैं कि उम्मीदवार और दल बेहिसाब धन खर्च करते हैं। निर्वाचन आयोग में पंजीबद्ध दलों के प्रत्याशी चुनावी सुविधाओं के लिए डमी उम्मीदवार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में खड़े करते हैं। इन पर भी बड़ी राशि खर्च होती है। प्रत्येक चुनाव में जातीय और धर्म आधारित समुदायों के ध्रुवीकरण पर भी बड़ी राशि खर्च होती है। अब धनी उम्मीदवार जातिवार सभाएं करके उनके भोजन-पानी का भी इंजमाम करते हैं। हालांकि राजनीतिक दल के लिए खर्च करने की कोई सीमा निर्धारित नहीं है। इसी तरह विधानससभा चुनाव के लिए प्रत्याशी अधिकतम चालीस लाख रुपये खर्च कर सकता है। वहीं छोटे राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में लोकसभा उम्मीदवार के लिए खर्च की सीमा 75 लाख रुपये और विधानसभा उम्मीदवार के लिए 28 लाख रुपये है।

ऐसे में एक साथ सभी चुनावों को संयुक्त रूप में करा दिया जाए तो एक प्रत्याशी को कई सीटों से या बार-बार चुनाव लड़ने के विकल्प समाप्त हो जाएंगे और धन की बर्बादी नहीं होगी। चूंकि संविधान के मुताबिक केंद्र और राज्य सरकारें अलग-अलग इकाइयां हैं। इस परिप्रेक्ष्य में संविधान में समानांतर किंतु भिन्न-भिन्न अनुच्छेद हैं। इनमें स्पष्ट उल्लेख है कि इनके चुनाव प्रत्येक पांच वर्ष के भीतर होने चाहिए। लोकसभा या विधानसभा जिस दिन से गठित होती है, उसी दिन से पांच साल के कार्यकाल की गिनती शुरू हो जाती है। इस लिहाज से संविधान विशेषज्ञों का मानना है कि एक साथ चुनाव के लिए कम से कम 18 अनुच्छेदों में संशोधन किया जाना जरूरी होगा। विधि आयोग, निर्वाचन आयोग, नीति आयोग और संविधान समीक्षा आयोग तक इस मुद्दे के पक्ष में अपनी राय दे चुके हैं। ये सभी संवैधानिक संस्थाएं हैं। केंद्र सरकार ने इस दिशा में पहल करते हुए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी, जिसने अपनी रिपोर्ट दे दी है। यदि विपक्षी दल सहमत हो जाते हैं तो दो तिहाई बहुमत से होने वाले ये संशोधन कठिन कार्य नहीं हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आध्यात्मिक चेतना आखिर क्या है?





संकलित
दर्शन

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सवरेत्तम रूप है।

## मूर्ख साधू और ठग





संकलित
प्रेरणा

किसी गाँव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गाँव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतज़ार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षाः किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

दिवस विशेष
योगेश कुमार गोयल



# गैर विषैले और दुष्प्रभावों से मुक्त हैं होम्योपैथिक उपचार

प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को 'होम्योपैथी' के जनक माने जाने वाले जर्मन मूल के चिकित्सक, महान विद्वान, शोधकर्ता, भाषाविद् और उत्कृष्ट वैज्ञानिक डा. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन के जन्मदिवस के अवसर पर 'विश्व होम्योपैथी दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य चिकित्सा की इस अलग प्रणाली के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति तक इसकी पहुंच की सफलता दर को बेहतर बनाना है। 10 अप्रैल 1755 को जन्मे डा. हैनीमैन के पास एमडी की डिग्री थी, लेकिन उन्होंने बाद में अनुवादक के रूप में कार्य करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी थी। उसके बाद उन्होंने अंग्रेजी, फ्रांसीसी, इतालवी, ग्रीक, लैटिन इत्यादि कई भाषाओं में चिकित्सा, वैज्ञानिक पाठ्य पुस्तकों को सीखा। होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जो औषधियों तथा उनके अनुप्रयोग पर आधारित है। विश्व होम्योपैथी दिवस प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है और इस वर्ष यह दिवस 'होम्योपैथीः अनुसंधान को सशक्त बनाना, दक्षता बढ़ाना' थीम के साथ मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का भी मानना है कि वैकल्पिक और परम्परागत औषधियों को बढ़ावा दिए बगैर सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों में विश्व में होम्योपैथी का प्रमुख स्थान है। होम्योपैथी ग्रीक शब्द 'होमियो' से बना है, जिसका अर्थ है 'समान' और 'पाथोस', जिसका अर्थ है पीड़ा या बीमारी। होम्योपैथी को चिंता, अवसाद, एडीएचडी और ओसीडी सहित कई प्रकार की मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों, एलर्जी और पुराने दर्द सहित कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज में प्रभावी पाया गया है। होम्योपैथिक उपचार सुरक्षित, गैर विषैले और दुष्प्रभावों से मुक्त हैं, जो उन्हें ऐसी पारम्परिक मनोरोग चिकित्सा का आकर्षक विकल्प बनाते हैं, जो प्रायः कई अप्रिय दुष्प्रभावों को साथ लाती है। होम्योपैथी अत्यधिक तनुकृत पदार्थों के उपयोग पर आधारित ऐसा उपचार है, जिसके बारे में चिकित्सकों का दावा है कि यह शरीर को स्वस्थ रख सकता है। केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के अनुसार चिकित्सा का ही एक वैकल्पिक रूप है होम्योपैथी, जो 'समः समम शमयति' अथवा 'समरूपता' दवा सिद्धांत पर आधारित है, जो दवाओं द्वारा रोगी का उपचार करने की ऐसी विधि है, जिसमें किसी स्वस्थ व्यक्ति में प्राकृतिक रोग का अनुरूपण करके समान लक्षण उत्पन्न किया जाता है, जिससे रोगग्रस्त व्यक्ति का उपचार किया जा सकता है।

दिखने में भले ही होम्योपैथी दवाएं एक जैसी लगती हैं, किन्तु वास्तव में विश्वभर में होम्योपैथी की चार हजार से भी ज्यादा तरह की दवाएं हैं। होम्योपैथी के संस्थापक माने जाने वाले सैमुअल हैनीमैन का कहना था कि इलाज का उच्चतम आदर्श सबसे भरोसेमंद और कम से कम हानिकारक तरीके से स्वास्थ्य की तेज, कोमल और स्थायी बहाली है। चूंकि बहुत सारी होम्योपैथी दवाओं का असर रोगी पर कुछ धीमी गति से होता है, जबकि एलोपैथी दवाएं रोगी पर तुरंत असर दिखाती हैं, इसीलिए हाम्योपैथी भले ही एलोपैथी जितनी लोकप्रिय नहीं है, लेकिन दुनियाभर में यह उपचार के सबसे लोकप्रिय वैकल्पिक रूप में मौजूद हैं। दरअसल होम्योपैथिक उपचार सबसे सरल उपचार है, जो शरीर को अधिक प्राकृतिक उपचार प्रक्रिया की अनुमति देता है। होम्योपैथी दवाएं चिकित्सा का एक सुरक्षित और प्राकृतिक विकल्प प्रदान करती हैं, जो बिना किसी दुष्प्रभाव अथवा दवा के परस्पर क्रिया का कारण बनता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## गुड़ी पड़वा



*मुंबई के गिरगांव में मंगलवार को गुड़ी पड़वा, महाराष्ट्रीयन नव वर्ष के अवसर पर पारंपरिक पोशाक पहने लोग एक रैली में भाग लेते हुए।*

## आज की पाती

**इजरायल पर हमला हमास को महंगा पड़ा**

हमास के आतंकियों ने इजरायल पर हमला कर निर्दोष लोगों की जान ही नही ली,बल्कि अनेक लोगों को बन्दक बना कर ले गए। आज का मंजर भयानक है। गाज़ा पट्टी को तहस नहस करने की ठान चुके इजराइल ने अब तक 33 हजार से ज्यादा लोगो को मौत की नींद सुला दिया। आतंकवाद का नामोनिशान मिटाने का दृढ़ संकल्प ले चुके इजराइल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका की भी नही सुन रहे है। उन्होंने स्पष्ट कह दिया है कि इजराइल को धमकाने की जगह अमेरिका हमास पर दबाव क्यो नही बनाता। खंडहर में तब्दील गाजापट्टी वीरान दिखाई दे रही है। – **कांतिलाल मांडोत**, सूरत

## ट्रेंड

### युद्ध के आघात को बढ़ाया



सूचना युद्ध ने गाजा में युद्ध के आघात को और बढ़ा दिया है-तथ्यों को छिपाना और दोषारोपण करना। अंतरराष्ट्रीय पत्रकारों को गाजा में प्रवेश से वंचित करना दुष्प्रचार और झूठी कहानियों को पनपने की इजाजत दे रहा है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### सम्मानजनक अंत्येष्टि



डब्ल्यूएचओ नेअल-शिफा अस्पताल परिसर में अज्ञात शवों के लिए सम्मानजनक अंत्येष्टि के आयोजन में आज गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का समर्थन किया। शव पहले गंदगी या प्लास्टिक की चादर के नीचे पड़े रहते थे।

# आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपको लाभ दिलाने वाला है। कार्यक्षेत्र में आ रही समस्याओं का रास्ता आज ढूंढ लेंगे। आप अपनी ऊर्जा को अच्छे कामों में लगाएंगे। आप किसी सामाजिक काम में अपना सहयोग करेंगे । इस राशि के सरकारी कर्मचारियों के लिए दिन व्यस्तता से भरा होगा। किसी काम में की गई मेहनत जरूर सफल होगी। नए व्यापार के सिलसिले में की गई यात्रा आज फायदेमंद रहेगी।

वृष राशिः आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की नई सौगात लाया है। जीवनसाथी की बेहतर सलाह से आपको पैसे कमाने का नया जरिया मिलेगा। मित्रों के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे। आपके क्रोध से कोई बना हुआ काम बिगड़ भी सकता है, इसलिए आपको अपने गुस्से पर पूरा कंट्रोल रखना चाहिए। खुद को मानसिक रूप से फिट रखने के लिए आपको मेडिटेशन की हैबिट डालनी चाहिए।

मिथुन राशिः आज आपका दिन बहुत शुभ रहेगा। आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। आर्ट स्टूडेंट्स के लिए दिन फेवरेबल रहेगा, ज्यादा समय अध्ययन में गुजरेगा। सुबह के समय वर्क आउट शुरू करने से आप चुस्त-दुरुस्त बने रहेंगे। आपको व्यवसाय से जुड़े सुनहरे अवसर मिलेंगे। सामाजिक स्तर पर आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। आज आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। नौकरी कर रहे लोगों को कामकाज में लाभ मिलेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। साथ में कहीं घूमने जाएंगे।

कर्क राशिः आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरुरत है। करियर के क्षेत्र में भी आपको अपने गुरु का सहयोग मिलेगा आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। आपका कॉन्फिडेंस आपको सक्सेस दिलाने में मदद करेगा।

सिंह राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्रोग्राम सफल होगा। आज घर के बड़े-बुजुर्ग की सेवा करने से आपको अच्छा महसूस होगा। रिश्तेदारों में आपकी तारीफ होगी। आज आपको अपनी मनपसंद चीज मिल सकती है। अपनी सेहत को ठीक रखने के लिए आज आपको तली-भुनी चीजों को खाने से बचना चाहिए, मौसमी सब्जियों का प्रयोग आपको स्वस्थ बनाये रखने में मदद करेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके फेवर में आएगा।

कन्या राशिः आज आपके दिन की शुरूआत अच्छी होने वाली है। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आप कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने में भी सक्षम रहेंगे। आप अपने काम व जीवन के बीच बैलेंस बनाये रखेंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा। जीवनसाथी के साथ डीनर करने का प्रोग्राम बनायेंगे। रिश्तों में मिठास आएगी। आज आप सामाजिक स्तर पर लोगों की मदद के लिए आगे बढ़ेंगे। इस राशि के मीडिया के क्षेत्र से जुड़े लोगों का दिन अच्छा रहेगा।

तुला राशिः आज आपका दिन थोड़ा व्यस्तता से भरा हो सकता है। आप पिछले छूटे कामों को पूरा करने में बिजी रहेंगे। आज आपको किसी भी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करने से बचना चाहिए। साथ ही किसी भी तरह का बड़ा निवेश करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह लेना बेहतर रहेगा। इस राशि की बिजनेस वुमन कोई बड़ी डील फाइनल कर सकती हैं। फिजिक्स स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहने वाला है।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। आप माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर जायेंगे। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा बन जायेगा। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में सामंजस्य बना रहेगा। बच्चों के लिए आज का दिन बढ़िया है।

धनु राशिः आज आपका दिन रोज की अपेक्षा ज्यादा अच्छा रहेगा। व्यापार के क्षेत्र में थोड़ी मुश्किलों के बाद लाभ का योग बना रहेगा। बेवजह की भाग दौड़ से बचें। आध्यात्मिकता की ओर आपका रुझान होगा। आपके अच्छे काम से उच्चाधिकारी खुश होंगे। घर पर मेहमानों का आगमन होगा। आज करियर में आपको। कोई बड़ी सफलता हासिल होगी।

मकर राशिः आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर बना रहेगा। सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरूस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को सफलता के लिए शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज आप अपने घर का डेकोरेशन फेस्टिवल के अनुसार कर सकते हैं।

कुंभ राशिः आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है, उन्हें काम से जुड़ी कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा।

मीन राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। बेरोजगारों को रोजगार के अच्छे अवसर मिलेंगे। आज दोस्तों के साथ आउटिंग पर जाने से आपको खुशी मिलेगी। धन से जुड़ी चिंताएं छूमंतर हो जाएगी। साथ ही कहीं रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। आज कार्यक्षमता के बल पर आपको आगे बढ़ने के कई मौके मिलेंगे।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# शादी के तीन महीने बाद तलाक लेंगे 'गोल्डन बैचलर' स्टार



गोल्डन बैचलर जोड़े के नाम से मशहूर गेरी टर्नर और थेरेसा निस्ट ने ₹गुड मॉर्निंग अमेरिका₹ के एक सेगमेंट में अपने तलाक की घोषणा की। ₹द गोल्डन बैचलर₹ के पहले सीजन में मिलने के बाद, उन्होंने इस साल की शुरुआत में जनवरी में एक टेलीविजन शो में शादी की थी। ₹गुड मॉर्निंग अमेरिका₹ के लिए जूजू चांग के साथ एक साक्षात्कार में, गैरी टर्नर ने निर्णय की घोषणा करते हुए कहा, ₹थेरेसा और मैंने कई बार एक-दूसरे से अपने दिल की बात की है और हमने अपनी स्थिति, हमारे रहने की स्थिति को करीब से देखा है। हम आपसी फैसले के रूप में इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि शायद अब समय आ गया है कि हम अपनी शादी तोड़ दें ।" गैरी टर्नर ने इस बारे में बात की कि दोनों की साथ रहने की स्थिति ने निर्णय को कैसे प्रभावित किया, उन्होंने कहा, "हमने दक्षिण कैरोलिना में घरों को देखा। हमने न्यू जर्सी पर विचार किया और हमने बस एक के बाद एक घर देखे, लेकिन हम कभी उस बिंदु तक नहीं पहुंचे, जहां हमने यह निर्णय लिया हो। हमारी बातचीत में जो बात मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित करती है वह यह है कि हम दोनों अपने परिवारों के प्रति कितने समर्पित हैं... इसलिए हम इन स्थितियों को देखते हैं और हमें लगता है कि हम दोनों की खुशी के लिए अलग रहना ही सबसे अच्छा है।

### टॉलीवुड

# फिल्म निर्माता सौंदर्या जगदीश ने की आत्महत्या! विवादों में घिरा था



कन्नड़ फिल्म निर्माता सौंदर्या जगदीश का निधन हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने आत्महत्या की है। कहा जा रहा है कि जगदीश ने रविवार सुबह महालक्ष्मी लेआउट स्थित अपने घर में आत्महत्या करके अपनी जान ले ली। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सौंदर्या जगदीश के दोस्त श्रेयस ने बताया है कि उनका निधन आत्महत्या के चलते हुआ है। उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने जगदीश को मृत घोषित कर दिया था। उन्होंने बताया कि आत्महत्या की वजह जानने की कोशिश की जा रही है। जगदीश को स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या नहीं थी। निर्माता सौंदर्या जगदीश के पास कुछ दिन पहले ही बैंक की ओर से एक नोटिस आया था। जगदीश के दोस्त से जब पूछा गया कि क्या बैंक नोटिस और आत्महत्या का आपस में कोई संबंध है तो उन्होंने इसे खारिज कर दिया। उन्होंने कहा नोटिस वाला मामला कुछ समय से चल रहा था, लेकिन बिजनेस के मुद्दे अलग हैं। जगदीश के दोस्त ने बताया कि मामला सामने आते ही पुलिस को सूचना दे दी गई थी। उनकी मौत को कार्डियक अरेस्ट से जोड़ा जा रहा था, जिसे नकार दिया गया। दोस्त ने आगे कहा कि जगदीश ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। सौंदर्या जगदीश व्यवसायी और फिल्म निर्माता थे। वे एक पब के भी मालिक थे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो कुछ दिन पहले ही उनका पब एक पार्टी के चलते विवाद से घिर गया था। इसके बाद पब के लाइसेंस को अस्थायी रूप से रद्द कर दिया गया था। उनके द्वारा निर्मित प्रमुख फिल्मों में 'अप्पू पप्पू', 'रामलीला', 'स्नेहितरु' और 'मस्त मजा मादी' शामिल है।

### भोजपुरी

# 'कभी खुशी कभी गम' भोजपुरी में , दिखी प्रदीप, आम्रपाली और संचिता की तिकड़ी



अब भोजपुरी में भी 'कभी खुशी कभी गम' फिल्म बनने जा रही है। इसमें आम्रपाली दुबे, संचिता बनर्जी और प्रदीप पांडेय 'चिंटू' की तिकड़ी नजर आएगी।

फिल्म से तीनों स्टार्स का फर्स्ट लुक सामने आ गया है, जो फैंस को पसंद आ रहा है। जल्द ही इसका ट्रेलर भी रिलीज होगा। भोजपुरी पर्दे पर 'विवाह', 'विवाह 2', 'विवाह 3' जैसी फिल्में देने वाले फिल्ममेकर निशांत उज्जवल की अपकमिंग फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' का फर्स्ट लुक आउट किया गया है। इस फिल्म में सुपरस्टार प्रदीप पांडेय 'चिंटू', आम्रपाली दुबे, संचिता बनर्जी और महानायक कुणाल सिंह नजर आएंगे। पोस्टर में प्रदीप की बांहों में आम्रपाली और दुल्हन बनीं संचिता बनर्जी ने उन्हें पीछे से थामा हुआ है। इसे देखकर फैंस कह रहे हैं कि कहानी वाकई में लाजवाब होने वाली है।

यशी फिल्म्स-अभय सिन्हा और रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट प्रस्तुत फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' एक संपूर्ण पारिवारिक मूवी है। इसके डायरेक्टर प्रेमांशु सिंह हैं और निर्माता निशांत उज्जवल हैं। यूट्यूब की सबसे बड़ी भोजपुरी फिल्म 'निरहुआ हिंदुस्तानी 2' की सुपर हिट फीमेल लीड आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी इस फिल्म में वापस साथ आ रही हैं। निशांत उज्जवल ने बताया कि 'कभी खुशी कभी गम' की कहानी लोगों के दिलों पर असर करने वाली है। फिल्म की कहानी पर खूब मेहनत की गई है। इसका निर्माण ग्रैंड लेवल पर हुआ है। म्यूजिक-गाने सुनकर दर्शक झूमने लगेंगे। फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू एक बार फिर से कमाल करते दिखेंगे। चिंटू, आम्रपाली और संचिता की तिकड़ी दर्शकों का खूब मनोरंजन करने वाली है। संस्कारों और संस्कृति से जुड़ी कहानी पर ये फिल्म बड़े पर्दे पर आपको सूरज बड़जात्या की फिल्म जैसा अहसास कराएगी। उन्होंने कहा, 'हम इस फिल्म को बड़े पैमाने पर रिलीज करने वाले हैं।

## तितलियों की उड़ान




फैशन डिजाइनर अक्सर अपने अनूठे कलेक्शन की वजह से चर्चा में रहते हैं। न्यूयार्क फैशन वीक के दौरान मशहूर फैशन डिजाइनरों राल्फ लॉरेन और टॉम फोर्ड के कलेक्शन अक्सर सुर्खियों में रहते हैं लेकिन कुछ नए डिजाइनर भी अपनी कल्पना को नया रूप दे जाते हैं। डिजाइनर वोल्व जॉनसन ने तितली की थीम पर नई डिजाइन के साथ अपने मॉडल उतारे। इन्हें दर्शकों ने खूब पसंद किया।

# दमकती रहे आपकी त्वचा तो धूल-प्रदूषण से ऐसे करें बचाव

गर्मी के इस मौसम में अगर आप भी स्किन केयर पर ज्यादा पैसा खर्च करना नहीं चाहते तो अपनी त्वचा का ध्यान रखकर इसका बचाव कर सकते हैं। आपको धूल और प्रदूषण से बचाने का तरीका जरूर जानना चाहिए।

### सफाई है जरूरी

धूल के कण त्वचा में अंदर तक चले जाते हैं। ऐसे में त्वचा के रोमछिद्रों की सफाई सही से होना बेहद जरूरी है। इसके लिए क्लींजर की मदद से दिन में दो बार अपनी त्वचा की सही से सफाई अवश्य करें।

### समय-समय पर करें एक्सफोलिएट

स्मूथ त्वचा के लिए इसे समय-समय पर एक्सफोलिएट जरूर करें। वैसे तो इसके लिए आपको बाजार में तमाम तरह के स्क्रब भी मिल जाएंगे। आप चाहें तो इसके लिए घरेलू स्क्रब का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### फेशियल मास्क का करें इस्तेमाल

हफ्ते में कम से कम एक बार फेशियल मास्क का इस्तेमाल अवश्य करें। इससे आपकी त्वचा खिल उठेगी। ये प्रदूषण की वजह से डैमेज चेहरे को सही करने का काम करता है।

### फेशियल ऑयल करें इस्तेमाल

चेहरे पर अगर आप फेशियल ऑयल का इस्तेमाल करेंगे, तो ये हानिकारक तत्वों को चेहरे के पोर्स में जाने से रोकेगा।



### शीट मास्क देगा राहत

घर के बाहर के धूल और प्रदूषण से चेहरा काफी ड्राई हो जाता है। ऐसे में समय-समय पर शीट मास्क का इस्तेमाल करें। इससे आपकी त्वचा को काफी राहत मिलेगी।

# चाहिए परफेक्ट लुक तो साड़ी पहनते वक्त रखें इन बातों का भी ध्यान




महिलाओं को इस बात का संशय काफी रहता है कि कहीं वो साड़ी में मोटी तो नहीं लग रहीं। ऐसे में आपको कुछ ऐसे टिप्स पता होना चाहिए, जिनका ध्यान आपको साड़ी पहनते वक्त जरूर रखना चाहिए।

### खुला रखें पल्लु



अगर आप चाहती हैं, कि साड़ी में आपका वजन ज्यादा ना दिखे तो आप साड़ी का पल्लु हमेशा खुला ही रखें। अगर आप इसमें प्लीट्स बना देंगी, तो आपके शरीर का ऊपर का भाग हैवी दिखेगा।

### साड़ी के वजन का रखें ध्यान

बहुत सी महिलाएं अपने वजन को लेकर काफी डरी हुई रहती हैं। ऐसे में अगर आपका वजन ज्यादा है तो हमेशा हल्के वजन वाली साड़ी को ही चुनें। अगर आप हैवी साड़ी पहनेंगी, तो आपका वजन और ज्यादा दिखेगा।

### शेपवियर देगा परफेक्ट लुक



आप अगर सादा पेटीकोट की बजाय शेपवियर के साथ साड़ी पहनेंगी तो आपका लुक ज्यादा खूबसूरत दिखेगा। शेपवियर की वजह से लुक और प्यारा दिखता है।

### रंग का रखें ध्यान

साड़ी में पतला दिखने के लिए हमेशा डार्क रंग की साड़ी का चयन करें। अगर आप हल्के रंग की साड़ी पहनेंगी तो आपका वजन ज्यादा दिख सकता है।

### फैब्रिक का होता है अहम योगदान

आपको पतला या मोटा दिखाने में साड़ी के फैब्रिक तका अहम योगदान होता है। टिश्यू और सिल्क जैसे फैब्रिक आपको मोटा दिखा सकते हैं लेकिन अगर आप पतली दिखना चाहती हैं तो शिफॉन या जोर्जेट के कपड़े की साड़ी को चुनें।

# फ्लोरल ऑयल की मदद से करें बालों की केयर

अगर आप नेचुरल तरीके से अपने बालों की केयर करना चाहते हैं तो ऐसे में फ्लोरल ऑयल का इस्तेमाल करना अच्छा आइडिया हो सकता है। आप कई फ्लोरल ऑयल को अपने हेयर केयर रूटीन का हिस्सा बना सकती हैं।

### लैवेंडर ऑयल

लैवेंडर ऑयल को अपनी सूदिंग प्रोपर्टीज के लिए जाना जाता है। जब आप इसे अपने हेयर केयर (हेयर केयर टिप्स) रूटीन में शामिल करते हैं तो इससे ना केवल हेयर ग्रोथ में मदद मिलती है, बल्कि हेयर लॉस भी कम होता है। साथ ही साथ, स्कैल्प इरिटेशन को होने पर भी लैवेंडर ऑयल का इस्तेमाल करने से बहुत फायदा मिलता है। लैवेंडर ऑयल का इस्तेमाल करने के लिए इसकी कुछ बूंदों को नारियल या जोजोबा तेल जैसे करियर ऑयल के साथ मिक्स करें। अब इससे स्कैल्प पर हल्की मसाज करें और आधे घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अंत में, बालों को माइल्ड शैम्पू से क्लीन करें।

### जैस्मीन ऑयल

जैस्मीन ऑयल को स्कैल्प और बालों के



लिए काफी अच्छा माना जाता है। जिन लोगों के बाल बहुत अधिक रुखे या कमजोर होते हैं, उन्हें जैस्मीन ऑयल को अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल करना चाहिए। जैस्मीन ऑयल की कुछ बूंदों को आप आर्गन या बादाम तेल के साथ मिक्स करें। अब इसे अपनी स्कैल्प व बालों पर लगाएं और करीबन आधे से एक घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद बालों (बालों के लिए टिप्स) को शैम्पू कर लें। आप चाहें तो अपने रेग्युलर शैम्पू या कंडीशनर में भी जैस्मीन ऑयल की कुछ बूंदों को मिक्स कर सकते हैं।

# चूड़ियों के साथ में पहनें कंगन के कुछ नए डिजाइंस, जानें सेट बनाने का आसान तरीका

ट्रेडिशनल लुक में चार चांद लगाने के लिए चूड़ियों का रोल अहम होता है। आपके लिए कंगन के कुछ खूबसूरत डिजाइंस जिन्हें आप चूड़ियों के साथ सेट बनाकर पहन सकती हैं और अपने ट्रेडिशनल लुक को पूरा कर सकती हैं।

### पर्ल कंगन के साथ चूड़ी सेट

पेस्टल कलरके कपड़ों के साथ में इस तरह के पर्ल कंगन और लाइट कलर की चूड़ियां बेहद खूबसूरत लुक देने में मदद करती हैं। इसमें आप बारीक मोती वाले डिजाइन के कंगन को चुन सकती हैं। चूड़ियों के शुरुआत में और आखिर में चौड़े डिजाइन के कंगन को जोड़ सकती हैं।

### कुंदन डिजाइन के कंगन के साथ चूड़ियां

कुंदन डिजाइन देखने में काफी रॉयल लुक देने में सहायता करता है। इस तरह के आप 2- 2 कंगन चूड़ियों के शुरुआत और आखिर में मीडियम चौड़े कंगन खरीद सकती हैं। इसमें आपको गोल्डन के कई अलग-अलग शेड्स में डिजाइन देखने को मिल



जाएंगे।

### कलरफुल चूड़ियों का सेट

कलरफुल में आप अपनी आउटफिट के रंग के हिसाब से बीड्स के अलग-अलग साइज वाली चूड़ियां और कंगन को आपस में मैच करके सेट बना सकती हैं। इसके अलावा अगर आपकी आउटफिट में एक से ज्यादा रंग मौजूद हैं तो इस कंगन और चूड़ियों का कलर कंट्रास्ट बनाकर हाथों में पहन सकती हैं।

## कार्नर न्यूज

## चिलचिलाती धूप में निकलने से पहले अपने कपड़े मौसम के अनुकूल रखें

# गर्मी में ठंडक के लिए इस तरह पहनें कपड़े, पसीने से भी मिलेगी राहत और रहेंगे कूल

*गर्मी से बचने के लिए कपड़ों का चुनाव भी सही तरीके से करना होगा। तब जाकर चिलचिलाती धूप और पसीने से राहत मिल सकती है। समर सीजन में कई स्टाइल व डिजाइन की ड्रेस आती हैं। सूती कपड़े,हाफस्लीव शर्ट्स ,टी-शर्ट्स कई लोग मानते हैं कि उपरोक्त चीजों को खरीदने से राहत मिल जाएगी। मगर ये अधूरे ज्ञान की तरह है। आपको परफेक्ट समर ड्रेस खरीदने के साथ-साथ उसको सही तरीके से पहनना भी आना चाहिए। उनको सही तरीके से पहनने पर ही कम गर्मी लगेगी या धूप से बचाव होगा और पसीने से राहत मिलेगी। इसलिए हम यहां पर समर सीजन में कपड़े पहनने के तरीके पर बात करने वाले हैं।*



### लूज कपड़े पहनें

गर्मी के मौसम में लूज ड्रेस पहननी चाहिए। कई लोग बहुत टाइट कपड़े पहनते हैं जिसकी वजह से उनको काफी पसीना आता है। इसका कारण है कि त्वचा कपड़े से कस जाती है। इसके बाद पसीना और अधिक निकलने लगता है। इसलिए तंग कपड़े नहीं पहनने चाहिए।

इससे न केवल पसीना निकलता है बल्कि आर्मपिट्स और अन्य जगह पर त्वचा छिल जाती है। इसलिए कभी भी गर्मी के सीजन में तंग कपड़ों को नहीं पहनें। टी-शर्ट, शर्ट्स, जींस आदि लूज होने से आराम मिलेगा। अगर आपको कंफर्ट चाहिए तो इस बात को जरूर याद रखें।

### लेयरिंग करें

ये क्या, गर्मी के सीजन में लेयरिंग! हां, आप सही सुन रहे हैं। समर सीजन में लेयरिंग करना हाथों की त्वचा के लिए सही है। साथ ही आपको पसीने से राहत दिलाने के लिए काफी है। आपको लेयरिंग करते वक्त कुछ बातों का खासतौर पर ध्यान देना होगा। जैसे- लेयरिंग करने के लिए सॉलिड टी-शर्ट या टीज लें जो कॉटन की होनी चाहिए। ये आपके पसीने को सोखने का काम करेगी। साथ ही तेज गर्मी में स्किन का बचाव करेगी। मगर कभी भी इसके ऊपर पहनने वाली शर्ट के बटन को बंद न करें।



### बनियान पहनना न भूलें

कई लोगों को बनियान/गंजी पहनने की आदत नहीं होती है। वे लोग सीधे शर्ट या टी-शर्ट पहन लेते हैं। आपको गंजी पहननी चाहिए। खासकर सूती की हल्की गंजी को पहनें। इससे आपके शरीर से निकलने वाला पसीना सूख जाएगा और वह शर्ट को गीला नहीं करेगा।

# राजधानी में बनेंगे वेडिंग जोन, वाई-फाई के साथ मिलेगा चार्जिंग पॉइंट

## निगमायुक्त ने किया गांधी उद्यान के पास बने सीटिंग जोन का निरिक्षण

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर ।रायपुर नगर निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने शहर के चार जगहों का निरीक्षण किया, जहां वेंडिंग जोन के साथ ही सीटिंग जोन बनाने की भी योजना बनाई गई है।गांधी उद्यान के पास परीक्षण के लिए एक सीटिंग जोन बनाया गया है। ये 8 सीटर है। इसमें वाई फाई और चार्जिंग पॉइंट लगाया जाएगा। वेंडिंग जोन इसके आसपास बनाएं जाएंगे। लोग वेंडिंग जोन से खाने का सामान खरीद कर सिटींग जोन में बैठकर आराम से खा पी सकेंगे। साथ ही वाई फाई का भी आनन्द ले सकेंगे। मोबाईल की बैटरी भी चार्ज कर सकेंगे। मंगलवार को निगमायुक्त मिश्रा ने इसका निरीक्षण किया।उन्हें ये पसन्द भी आई। उन्होंने इसके लिए अधिकारियों को कुछ दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि शहर के सभी जगहों के वेडिंग कार्ट और सीटिंग जोन के रंग में एकरूपता होनी चाहिए। रंग भी अच्छा होना चाहिए।जिसे देखकर ही लोगों के लगे कि ये वेडिंग जोन है और वे आकर्षित हो सकें। उन्होंने गांधी उद्यान के साथ ही पुजारी पार्क, जब्बार नाला के पास पाम बैलीजियो के नजदीक की जगह , बूढ़ापारा धरना स्थल की खाली जगह और आमानाका के पास की जगहों का भी निरीक्षण किया। इन जगहों पर उन्होंने ये भी परखा की वेडिंग जोन में आने वाले अपनी गाड़ियां किस जगह पर पार्क कर सकेंगे। निगम के एनयूएलएम के प्रभारी डॉ तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि इन चारों जगहों पर पी पी पी मोड पर 500 वेंडिंग कार्य लगाने की योजना है। ये कार्ट उन जगहों के आसपास के रजिस्टर्ड वेंडर को ही दिया जाएगा।

## सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका खारिज

रायपुर। कोयला घोटाला मामले में जेल में बंद सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका खारिज कर दी गई है।रायपुर की स्पेशल कोर्ट ने मंगलवार को दूसरी जमानत याचिका पर फैसला सुनाया।उल्लेखनीय है कि, कोयला घोटाले में सौम्या चौरसिया 16 महीनों से में जेल में बंद हैं। सौम्या चौरसिया की सेकंड बेल एप्लीकेशन पर 12 अप्रैल को सुनवाई हुई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।मंगलवार की शाम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी है। सौम्या चौरसिया के वकील कैलाश भादुड़ी ने बच्चों की परवरिश करने को आधार बनाकर जमानत मांगी थी।

# ई-वाहनों के लिए शहर भर में चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे...

### निगमायुक्त ने ली आर्थर-ओला के अधिकारीयों की बैठक

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर ।कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के निदेर्शानुसार निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने मंगलवार को इलेक्ट्रिक टू व्हीलर आर्थर और ओला के अधिकारियों के साथ बैठक कर चार्जिंग स्टेशनों पर चर्चा की। शहर के प्रत्येक जगहों पर 3 महीने के भीतर चार्जिंग स्टेशन लगाने की योजना बनाकर समयबद्ध तरिके से कार्य करने के लिए कहा गया।

अभी तक आर्थर कम्पनी ने 6 जगहों पर और ओला कम्पनी ने 1 जगह पर पर चार्जिंग स्टेशन लगा भी लिया है।आर्थर कम्पनी ने जीई रोड के पास ग्रेंड हयात, वीआईपी रोड में बिहान कैफे, जयस्तम्भ चैक के पास मल्टी लेबल पार्किंग के पास, डंगनिया में रालास मोटर्स के पास तथा शदाणी दरबार के पास चार्जिंग स्टेशन लगाया है। वहीं ओला ने तेलीबांधा में करेंसी टावर के सामने पेट्रोल पंप पर चार्जिंग स्टेशन लगाया है। इस स्टेशनों में फास्ट चार्जर लगाए गए हैं जिसमें मात्र 10 मिनट में टू व्हीलर चार्ज हो जाएगा। वहीं फोर व्हीलर के लिए थोड़ा समय लगता है। निगम कमिश्नर मिश्रा ने कहा कि आम नागरिकों को आसान चार्जिंग स्टेशन मिले इसलिए शहर के सभी जगहों पर 3 महीने के भीतर लगाई जाए। मिश्रा ने कहा कि कोई व्यक्ति यदि 30-40 किमी गाड़ी चलाने की जरूरत महसूस करता है तो उसे नजदीक में कहीं चार्जिंग स्टेशन मिल जाए। अधिकारियों ने बताया कि इस पर तेजी से काम चल रहा है। निगम की ओर से भी उन्हें स्टेशन बनाने जगह बताया गया है।

# रामनवमी पर सरयू का पानी भजन बटोर रहा है सुर्खियां

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




अंबिकापुर - अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला की स्थापना के बाद पूरे देश में रामनवमी को लेकर उत्सव का माहौल है राम रामनवमी से पूर्व एक भजन छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश में जमकर वायरल हो रहा है इसके बोल है सरयू का पानी लाखों लोग इस भजन को गा और गुनगुना रहे हैं इस गाने को श्रीमती आशा सिंह बघेल ने गाया है आशा सिंह बघेल ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण और सतनाम धन के प्रचार प्रसार हेतु इस भजन की रचना किया है जो इन दिनों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है सरयू का पानी यूट्यूब पर भी देखा जा सकता है सरयू का पानी भजन छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश में जमकर सुना जा रहा है इस भजन को गा कर आशा सिंह की ख्याति लगातार बढ़ रही है आशा सिंह बघेल का जन्म बिहार जिले के भोजपुरी में हुआ है उनकी उच्च शिक्षा पीजी कॉलेज अंबिकापुर में हुआ है वह वर्तमान में मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में अकादमिक प्रमुख के रूप में कार्यरत है श्रीमती बघेल नया भजन रामलला को अर्पित किया है

# प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम में प्रतीक उपाध्याय प्रथम

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




रामानुजनगर। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई में आयोजित जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम में बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल रामानुजनगर के छात्र प्रतीक उपाध्याय ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा यह प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।जिसमें अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित कराना था।दरअसल इस उत्सव में विद्यार्थियों का चयन तीन स्तर पर होता है विद्यालय में प्रथम स्तर से चयनित होकर द्वितीय चरण हेतु जिला स्तर पर नवोदय विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता के लिए चयनित होते हैं जिला स्तर पर नवोदय विद्यालय से द्वितीय चरण के बाद 15 बालक एवं 15 बालिकाओं का चयन तृतीय चरण के लिए किया जाता है। तृतीय चरण में नवोदय विद्यालय समिति, केंद्रीय विद्यालय संगठन और सीबीएसई के शिक्षक की एक समिति अंतिम चयन हेतु प्रतिभागियों का व्यक्तिगत साक्षात्कार लेती है, इसके पस्चात राष्ट्रीय स्तर के लिए गुजरात राज्य के मेहसाणा जिले के बडनगर शहर स्थित स्थानीय भाषा विद्यालय के लिए होता है जहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी शिक्षा की यात्रा प्रारम्भ की थी। प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों के चयन का आधार व्यक्तिगत प्राथमिकता के साथ पूर्ण व्यक्तित्व, राष्ट्रीय, राज्य एवं शाला स्तर पर विभिन्न पाठ्यक्रम सहगामी क्रियाओं में सहभागिता भारतीय संस्कृति, साहित्य एवं इतिहास के प्रति अभिरुचि आदि बिंदुओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है इसके अलावा स्वाभिमान और विनय, शौर्य और पराक्रम,परिश्रम और समर्पण, करूणा और सेवा, विविधता और एकता, सत्यनिष्ठा और सुचिता, नवाचार और जिज्ञासा, श्रद्धा और विश्वास एवं स्वतंत्रता और कर्तव्य जैसे नव विषयों पर विशेष बल दिया गया है ।गाईड टीचर गोपाल सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (ठएढ) 2020 की आधारशिला है यह कार्यक्रम कक्षा 9 वीं से 12 वीं के चयनित छात्रों के लिए सप्ताह भर चलने वाला आवासीय कार्यक्रम है ।भारत सरकार के स्कूल शिक्षा व साक्षरता विभाग ने प्रेरणा एक अनुभवनात्मक शिक्षण कार्यक्रम लांच किया है जिसके तहत उक्त कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।प्राचार्य पी सी सोनी के मार्गदर्शन में जिला स्तर पर होने वाले बाल विज्ञान कांग्रेस जैसे अनेक कार्यक्रमों में भाग ले चुके छात्र प्रतीक उपाध्याय के प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किए जाने पर विद्यालय परिवार सुखद अनुभूति कर रहा है।

## लेखपाल ने तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराने का कराया मुकदमा दर्ज

सरोजनीनगर लखनऊ। नगर निगम के लेखपाल सुधांशु श्रीवास्तव ने सरोजनीनगर के फरुर्खाबाद चिल्लावां निवास सुरेंद्र नामक व्यक्ति पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। लेखपाल सुधांशु श्रीवास्तव का कहना है कि सरोजनीनगर के फरुर्खाबाद चिल्लावां स्थित खसरा संख्या - 608, रकबा 0.3540 हेक्टेयर राजस्व अभिलेखों में तालाब दर्ज भूमि है।जिसमें 600 वर्ग फुट पर सुरेंद्र द्वारा दीवार बनाकर अवैध कब्जा किया जा रहा है।लेखपाल का कहना है कि उसने इस निर्माण को रुकवा दिया, लेकिन इसके बावजूद रुक रुक कर निर्माण कराया जा रहा है। फिलहाल लेखपाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# इश्क का खौफनाक अंत : प्रेमिका की मौत के वियोग में प्रेमी ने भी तोड़ा दम

## विवाहिता रीना मौर्या की पीएम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की हुई पुष्टि

- प्रेमी प्रेमिका की मौत, क्षेत्र में बनी चर्चा का विषय
- पिता ने बेटे का पैतृक जमीन पर अंतिम संस्कार करने से किया माना

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ। रविवार को जहर खाने के बाद जिंदगी मौत से जूझते हुए सोमवार को रीना मौर्य के प्रेमी आनंद गुप्ता (32) की भी मौत हो गई।परन्तु आनंद के चाल चलन से नाराज पिता रामविलास शव लेने के लिए मचुर्री नहीं पहुंचे तब पुलिस ने रामविलास के पड़ोसियों/रिश्तेदारों को शव लेने के लिए राजी कर गावं भिजवा दिया। आनंद की मौत की खबर सुनकर आनंद की पत्नी विनीता भी बच्चों सहित ससुराल जमोलिया पहुंची परन्तु ससुर रामविलास के अड़ियल रवैया से परेशान शव के अन्तिम संस्कार में शामिल होने के लिए ससुर के हाथ पैर जोड़कर मनाया तब भी रामबिलास ने पैतृक जमीन पर बेटे के शव का अंतिम संस्कार नहीं होने दिया। तब पुलिस और ग्राम प्रधान की पहल पर शव का अंतिम संस्कार ग्राम पंचायत की जमीन पर किया गया ।

रविवार सुबह मलिहाबाद नगर पंचायत के मोहल्ला मिजार्गंज सेमरा तालाब के पास हसीन खां के अर्ध निर्मित मकान में रीना मौर्य (30) का शव पुलिस को पड़ा मिला था जिसके मुंह से झाग और कान से खून निकल रहा था और शव के पास से पुलिस को जहर की शीशी भी मिली


मृतक आनंद२ फाइल - फोटो

थी. पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पति राम भजन ने प्रेमी आनंद गुप्ता पर पत्नी को जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया था। और पीएम रिपोर्ट में रीना की गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई. परंतु दो घंटे बाद ही अर्ध्य बेहोशी की हालत में आनंद गुप्ता वेसुध अवस्था में मलिहाबाद कस्बे के गल्ला मंडी में पड़ा मिला था। उसे भी पुलिस ने बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया था। पति राम भजन के अनुसार पत्नी रीना शनिवार दोपहर 1 बजे घर से चली गयी थी. और रविवार सवेरे पुलिस से जानकारी मिली पत्नी का शव तालाब के किनारे कब्रिस्तान के पास म्रत अवस्था में पड़ा मिला था।राम भजन ने सवाल उठाया कि बिना प्रेमी आंनद की सांठगांठ के बैगर घर से एक किलोमीटर दूर सेमरा तालाब के पास अर्ध निर्मित मकान में कैसे पहुंच गई।पिता ने कहा बेटे का चाल चलन ठीक न होने पर आनंद को घर से निकाला दिया था।पति राम भजन के मुताबिक रीना की हत्या शनिवार को हो गई थी। क्योंकि रविवार को पोस्टमार्टम के बाद मिले शव से बदबू आ रही थी।पिता रामबिलास के मुताबिक बेटे आनन्द का विवाह वर्ष 2017 में जनपद सीतापुर से हुआ था।लेकिन चाल चलन ठीक न होने के कारण पत्नी बच्चों को लेकर मायके चली गई थी।दो वर्ष पूर्व पिता रामबिलास ने आनंद को घर से निकाल दिया था। परिवार में माता शिवपति , भाई सुगंध है।इस संम्बध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि हालात बयां करते हैं की प्रेमी आनंद ने सेमरा तालाब से थोड़ी दूरी पर रह रहे आनंद गुप्ता ने मिलने के लिए रीना को अधूरे मकान में बुलाया था जंहा किसी बात को लेकर रीना को धोखे से गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया.

# चलती कार बनी आग का गोला, बाल-बाल बचे कार सवार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ , कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र के बल्दी खेडा मोड पर सोमवार शाम एक चलती कार में अचानक धुएं निकलने के साथ बोनट से आग की लपटे उठने लगीं कार में आग लगा देख कार सवार गाडी छोड़ बाहर की ओर निकल गए थोड़ी ही देर में कार धूं धूं कर जलने लगी जिसे देख सड़क पर हड़कंप मच गयो कार सवार मौके से गाड़ी छोड़ फरार हो गए लोगो की सूचना पर पहुंची एक दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया लेकिन तबतक कार बुरी तरह से जलकर क्षतिग्रस्त हो गई थी फायर टीम के अनुसार शार्ट शर्किट से कार में आग लगी थी कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि सोमवार शाम थाना क्षेत्र स्थित कानपुर रोड बल्दी खेडा मोड पर आई -10 कार नम्बर यूपी 32 डीपी 1012 में शार्ट शर्किट से आग लग गई थी ।जिसपर दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया। पुलिस के अनुसार कार ट्रांसपोर्ट नगर निवासी चांदनी कुशवाहा पुत्री चंद्रभान कुशवाहा चला रही थी।वह आलमबाग की तरफ से ट्रांसपोर्ट नगर अपने घर जा रही थी उस दौरान कार में अचानक शार्ट शर्किट से आग लग गई थी।

## विद्युत करंट की चपेट में आकर विवाहिता की मौत,

सरोजनीनगर लखनऊ। बिजनौर इलाके में सोमवार सुबह एक विवाहिता की विद्युत करंट की चपेट में आकर मौत हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बिजनौर थाना प्रभारी अरविंद कुमार राणा के मुताबिक मूल रूप से सुल्तानपुर निवासी ट्रक ड्राइवर रामभरोसे वर्मा काफी दिनों से बिजनौर के छुहाराखेड़ा में मकान बनाकर परिवार सहित रहते हैं। सोमवार सुबह करीब 6 बजे राम भरोसे की पत्नी सुमिता वर्मा (31) घर के अन्दर बाथरूम में नहाने गई थी। तभी बाथरूम में लगे बल्ब से बिजली का करंट बाथरूम के दरवाजे पर आ गया और उसकी चपेट में आकर सुमिता गंभीर रूप से झुलस गई।

## युवती से सरेराह युवक ने की छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

लखनऊ ।निगोहां थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते रविवार को युवती पर बुरी नजर रखे युवक ने उसे अकेला देखकर बदनियती से हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की ।युवती के विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गालौज करते हुये जान से मारने की धमकी दी ।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुट गयी है ।निगोहां के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया गांव में रहने वाला युवक देशराज उस पर बुरी नजर रखे था ओर रास्ते में आते जाते जबरन बात करने का दबाब बनाता था,बीते रविवार की सुबह साढे नौ बजे के करीब सरेराह उसे अकेला देख बदनियती से उसका हाथ पकड़कर घसीट कर छेड़छाड़ करने लगा ।चीखने चिल्लाने के साथ ही विरोध जताने पर आरोपी गाली गालौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकला।

# पत्रकार से अभद्रता मामले में दरोगा निलंबित

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



मोहनलालगंज लखनऊ, मोहनलालगंज क्षेत्र के खुजौली चौकी प्रभारी यशवंत सिंह को एक निजी दैनिक समाचार पत्र के प्रतिनिधि से अभद्रता व मारपीट करना महंगा पड़ गया जिसकी शिकायत प्रतिनिधि ने पुलिस सहायक आयुक्त राधा रमन सिंह से की जाँच में दोषी पाए जाने पर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने उपनिरीक्षक के निलंबन का आदेश जारी करते हुऐ विभागीय जांच का आदेश दियें मनबढ़ चौकी प्रभारी की शिकायते पूर्व में भी सामने आयी थी लेकिन मामलो में बचता चला आ रहा था। लेकिन रविवार रात्रि एक फर्नीचर दुकानदार से दबंगई करता देख मौके पर मौजूद अखबार के प्रतिनिधि विकास सिंह ने विरोध किया तो। दरोगा ने अपना आपा खो दिया पत्रकार से मारपीट व अभद्रता की और पत्रकार को दूसरे मामले में फंसा कर जेल भेजने की धमकी देने लगो दरोगा की यह करतूत सोशल मिडिया पर वायरल हो गई इसके बाद पत्रकार एकता वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी गण ० किसान यूनियन टिकैत के मंडल अध्यक्ष के के सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में पहुंचे पत्रकारों ने डीसी पी दक्षिणी से पत्रकार के साथ अभद्रता करने वाले दारोगा के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की पत्रकारों के भारी रोष के बाद डीसीपी ने इस मामले की एसीपी से रिपोर्ट मांगी जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने पर डीसीपी ने दोषी उप निरीक्षक यशवंत सिंह पर निलंबन की कार्रवाई की संस्तुति करते हुए विभागीय जांच के आदेश दिए वही फर्नीचर व्यापारी की शिकायत पर डीसीपी ने सिपाही राजेश कुमार के विरुद्ध जांच के आदेश दिये

## घर से बिना बताये युवती लापता

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ । आलमबाग कोतवाली इलाके में रहने वाली एक युवती बीते दो दिन पूर्व घर से बिना बताये लापता हो गई ।वही लापता युवती के परिजनों ने खोजबीन करने के बाद पडोसी युवक पर बहला फुसला भगाने का आरोप लगा नामजद शिकायत की है ।आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित साकेत पुरी निवासिनी नीता श्रीवास्तव पत्नी स्व राजेश श्रीवास्तव के अनुसार वह अपने घर में पुत्री कशिस श्रीवास्तव के साथ रहती है ।आरोप है कि बीते 13 अप्रैल की सुबह उनके घर के सामने रहने वाले अभिषेक यादव पुत्र कैलाश यादव निवासी साकेत पुरी आलमबाग निवासी उनकी पुत्री को बहला फुसला कर जबरन कही भगा कर ले गया है और उसके घर से पिता कैलाश यादव एंव भाई राजा यादव और प्रिस यादव भी फरार है।

# किसान की बाइक चोरी का शिकायत के एक सप्ताह बाद भी नही दर्ज किया मुकदमा

**मोहनलालगंज के खुजौली बाजार से एक सप्ताह पहले बैखोफ चोरो ने उड़ाई थी सब्जी बेचने आये किसान की बाइक**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

मोहनलालगंज ।बाइक चोरी की घटनाओ में लगाम लगाने में नाकाम मोहनलालगंज पुलिस अब चोरी होने वाली बाइको के मुकदमें दर्ज कर कार्यवाही की बजाय पीड़ितो को टरकाने का काम कर रही हैं,एक सप्ताह पहले खुजौली बाजार में सब्जी बेचने आये किसान की बाइक बैखोफ चोर चुरा ले गये,पीड़ित ने घटना के दूसरे दिन खुजौली चौकी पहुंचकर लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की लेकिन पुलिस ने जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन देकर पीड़ित को चलता कर दिया ओर एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी मुकदमा नही दर्ज किया ।पीड़ित किसान ने बताया एक सप्ताह से वो रोज पुलिस चौकी के चक्कर लगा रहा है लेकिन पुलिस कार्यवाही की बजाय रोज उसे टरका देती है। मोहनलालगंज के खुजौली गांव निवासी किसान सहजराम ने बताया 9अप्रैल को अपने गांव की बाजार में बाइक से सब्जी बेचने गया था,जहां बाइक खड़ी कर वो बाजार में दुकान लगाकर सब्जी बेचने लगा,इसी बीच बैखोफ चोरो ने उसकी हीरो स्पेलेंडर बाइक चुरा ले गये, देर शाम सब्जी बेचकर वापस लौटा तो बाइक गायब देख उसके होश उड़ गये काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता चलने पर खुजौली चौकी पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत कर अज्ञात चोरो पर कार्यवाही की मांग की तो पुलिस ने जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन देकर टरका दिया।

## इमाम पर घर मे घुस कर दुष्कर्म का आरोप, जुर्म दर्ज, फरार

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** बसदेई चौकी इलाके के एक गांव की मस्जिद के इमाम द्वारा अपने ही समाज की एक 26 वर्षीय महिला के घर में घुसकर धमकाते हुए उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी इमाम के विरुद्ध धारा 376, 342, 458, 506 के तहत तहत अपराध दर्ज कर दिया। आरोपी इमाम घटना के बाद से फरार है।

सोमवार को पीड़ित 26 वर्षीय महिला ने कोतवाली थाने में दर्ज कराई है। बताया गया कि आरोपी गुलाम गौस एक मस्जिद में इमाम है, पीड़ित युवती के मुताबिक वह 10 अप्रैल की देर शाम घर में अकेली थी। उसी दौरान इमाम गुलाम गौस ने उसके घर का दरवाजा खटखटाया और दरवाजा खोलने पर उसके पति का पूछते हुए घर में घुस आया। उसने बताया कि उसके पति घर में नही है। इस पर उसने महिला को बदनाम करने व पति की हत्या करने की धमकी देकर दुष्कर्म कर फरार हो गया पीड़िता के मुताबिक इमाम में उनसे चाय की मांग की, चाय लेकर आने पर उसने उसका हाथ पकड़ लिया।

इसका विरोध करने पर उसने कहा कि शोर मचाओगी तो बदनाम कर दूंगा और पति को मरवा दूंगा। उसके बाद उसने घर का दरवाजा बंद कर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद महिला की तबियत बिगड़ गई और वह गुमसुम हो गई। पति के पूछने पर सोमवार को उसने घटना की सच्चाई अपने पति को बताई।

# महाष्टमी पर देवी मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का जन सैलाब

## 0 कुदरगढ़ धाम में करीब 50 हजार श्रद्धालुओं ने किया माँ बागेश्वरी का दर्शन 0 आदिशक्ति माँ की विधिविधान से की गई पूजा अर्चना

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** मंगलवार को चैत्र नवरात्र की महाष्टमी पर आदिशक्ति माँ के दर्शन व पूजा अर्चना के लिए जिले सहित शहर के विभिन्न देवी मंदिरों व शक्तिपीठो में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा था। महाष्टमी के अवसर पर देवी मंदिरों में माता रानी की विशेष पूजा अर्चना की गई। अल सुबह से ही श्रद्धालुओ के देवी मंदिरों में पहुंचने क् सिलसिला प्रारम्भ हो हया था जो देर शाम तक चलता रहा। जिले के प्रसिद्ध देवीधाम कुदरगढ़ देवी धाम, देवीपुर स्थित माँ महामाया मंदिर, पम्पापुर स्थित समलाया मंदिर, तिलसिवां दुर्गा मंदिर, भैयाथान रोड पंचमन्दिर, जमडी माँ दुर्गा मंदिर, गडवतिया देवी धाम सहित नगर व जिले के तमाम देवी मंदिरों में बड़ी संख्या में देवी भक्त आदिशक्ति माँ की पूजा अर्चना के लिए पहुंचे थे। जहां विधिविधान से आदिशक्ति की विशेष पूजा अर्चना कर माता रानी से परिवार के सुख समृद्धि की कामना की गई। अंचल की अधिष्ठात्री देवी कुदरगढ़ स्थित माँ बागेश्वरी देवी धाम में महा अष्टमी को करीब 50 हजार से ऊपर लोगो ने पर्वतवासिनी मां बागेश्वरी के दरबार मे पूजा अर्चना कर मत्था टेका। यहां प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी माँ के पावन दर्शन के लिए छतीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश, बिहार झारखंड, उत्तरप्रदेश व उड़ीसा सहित विभिन्न प्रान्तों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते थे।






### महामाया मंदिर में भड़की मधुमक्खी

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम देवीपुर स्थित माँ महामाया मंदिर में भी महाअष्टमी पर्व पर मां महामाया के दर्शन व पूजा अर्चना के लिए प्रातः से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला प्रारम्भ हो गया था। श्रद्धालु कतारबद्ध होकर माता के दर्शन के लिए अपनी पारी का इंतजार कर रहे थे। सड़क से लेकर मंदिर परिसर तक श्रद्धालुओं की भीड़ थी। इसी बीच ज्वारा विसर्जन के लिए खप्पर लेकर बड़ी संख्या में गांव गांव के लोग मंदिर पहुंचे थे। तेज धूप व गर्मी के बीच खप्पर से उठने वाले धुंआ से परेशान मंदिर परिसर के पेड़ों में स्थित छत्तों से निकलकर बड़ी संख्या में मधुमख्खियों ने श्रद्धालुओ पर हमला कर दिया। जिससे वहां मौजूद श्रद्धालुओ में भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई और करीब दो दर्जन से ऊपर लोग मधुमख्खियों के हमले का शिकार हो गए। जिसमे ज्यादा तर बच्चे शामिल है। वहीं अन्य लोग मंदिर परिसर में इधर उधर सुरक्षित जगह की तलाश कर वहां छुप गए जबकि कुछ लोगो ने मंदिर परिसर के नीचे खड़ी अपनी वाहनों में बैठकर मधुमख्खियों से अपना बचाव किया। चूंकि वहां अष्टमी पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु कन्या भोज भव भंडारे का आयोजन करते है जहां बच्चो की तादात बड़ी संख्या में थी जिसके कारण वे इनके हमले के ज्यादा शिकार हुए। मधुमक्खी के आने व भगदड़ की स्थिति को देखते हुए मंदिर के पुजारी व बैगा सहित श्रद्धालुओ ने माँ महामाया को स्मरण किया जिसके बाद करीब 10 मिनट में ही मधुमख्खियों अपने स्थान पर चली गई और फिर से श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर माँ महामाया के दर्शन व पूजा अर्चना किया। श्रद्धालुओ के यहां आने का सिलसिला भी देर शाम तक चलता रहा।

इसी तरह पम्पापुर पुर स्थित समलाया मन्दिरो सहित शहर व जिले भर के विभिन्न देवी मंदिरों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी थी।

# युवा साथी फाउंडेशन ने कुदरगढ़ देवी धाम में लगाया स्वास्थ्य सेवा शिविर

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** युवा साथी फाउंडेशन संस्था द्वारा मेला में लगाया जा रहा है स्वास्थ्य शिविर युवा साथी फाउंडेशन ने मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से नवरात्रि के पावन पर पर लगने वाले कुदरगढ़ मेले में स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जा रही है जिसे संस्था के संरक्षक नाथूलाल अग्रवाल व श्रवण जैन द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

ज्ञात की संस्था के जन सेवी कार्यों को देखते हुए भारतीय जैन संगठन द्वारा एक नाग मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालन हेतु प्रदाय किया गया था और और संस्था को स्वयं के खर्च एवम जन सहयोग से इस मोबाइल मेडिकल को संचालित किया जा रहा है जिसमें डॉक्टर ड्राइवर नर्स अन्य एवं अन्य सहयोगी के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाय की जा रही है । इस मोबाइल मेडिकल यूनिट के अंदर ही ओपीडी की




समस्त सुविधा उपलब्ध है। जिला प्रशासन द्वारा अवश्य दवाइया उपलब्ध कराई गई और विजय मेडिकल स्टोर विश्रामपुर द्वारा बीपी व शुगर लेवल चेक करने हेतु मशीन उपलब्ध कराई गई। अब तक कुल 5 सौ लोगों ने स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लिया।

जिसने मुख्य रुप से दर्द शरदी जुकाम बुखार चोट बीपी एवं बंदर के द्वारा काटने वाले मरीज आए।

कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संस्था के रितेश गुप्ता डा लक्ष्मीकांत प्रदीप गुप्ता आरुषि देवकुवार बसंती रेनू का सहयोग रहा।

# 15 सौ शिक्षक ब कर्मचारियों ने विशाल मानव श्रृंखला बनाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

## स्वीप कार्यक्रम के तहत् जगाई मतदान की अलख

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता अभियान के तहत् स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर और जिला



निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के नेतृत्व में लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है । इसी कड़ी में जिले के स्टेडियम ग्राउंड में लगभग 1500 शिक्षक और कर्मचारियों द्वारा विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण कर मतदाता जागरूकता से जुड़े तरह – तरह के आकर्षक स्लोगन लिखी तख्ती लेकर वृद्ध, युवा, महिला, दिव्यांग, चलो सभी करे मतदान की अपील करते हुए मतदाताओं को आगामी 7 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में शत् प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक किया । मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के द्वारा उपस्थित सभी शिक्षक और कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र पैकरा, जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल, जिला मिशन समन्वयक शशिकांत सिंह और सहायक संचालक शिक्षा रविन्द्र सिंहदेव उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर संभागायुक्त ने ली समीक्षा बैठक

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सरगुजा संभागायुक्त गोविंद राम चुरेंद्र की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे, डीएफओ पंकज कमल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र पैकरा, समस्त अनुविभागीय अधिकारी व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, समस्त नोडल अधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, समस्त जनपद सीईओ, समस्त सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सरगुजा संभागायुक्त गोविंद राम चुरेंद्र ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए निर्वाचन की



### निर्वाचन की तैयारी एवं शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल करने दिये निर्देश

तैयारी एवं शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल करने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर विशेष कार्य योजना बनाई जाए और उसका क्रियान्वन युद्धस्तर पर किया जाए। उन्होंने उपस्थित जनों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार कार्य करने के लिए कहा इसके साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो इस बात पर विशेष बल दिया। उन्होंने बैठक में प्रकोष्ठवार कार्यों की समीक्षा कर मतदान तिथि तक किए जाने वाले सभी कार्यों को अंतिम रूप देने की निर्देश दिए। साथ ही स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे मतदाता जगत कार्यक्रम की जानकारी ली।

बैठक के अंत में उपस्थित अधिकारियों को मतदाता जागरूकता के तहत शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए शपथ भी दिलाया गया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा0) अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)

रा०प्र०क्र० / अ–2 / 2023–24

### ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमंत कुजूर पिता रामलाल प्रसाद जाति उरांव निवासी चांदो तहसील सामरी जिला बलरामपुर (छ०ग०) के अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 276 / 24, 277 / 9 रकबा 0.020, 0.006 हे० भूमि को कृषि मिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी–1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, सेटलमेन्ट, ले–आउट, ऋण पुस्तिका की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 16 / 04 / 2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू–अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा–आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01 / 04 / 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
अम्बिकापुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) सक्षम प्राधिकारी (डायवर्सन) प्रतापपुर, जिला–सूरजपुर (छ०ग०)

### उद्घोषणा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण नवीन कुमार पिता गुप्तेश्वर व अन्य 01 दोनों जाति कलार निवासी नगर पंचायत प्रतापपुर जिला सूरजपुर छ०ग० द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम खोरमा स्थित खसरा नंबर 1052 / 4 रकबा 0.32 हे. भूमि को छ०ग०भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के अन्तर्गत कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। यदि इस पर किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह दिनांक 24 / 04 / 2024 तक अपना दावा / आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। इस तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 09 / 04 / 2024 को न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा०)
एवं सक्षम प्राधिकारी
प्रतापपुर, जिला सुरजपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) सक्षम प्राधिकारी (डायवर्सन) प्रतापपुर, जिला–सूरजपुर (छ०ग०)


### उद्घोषणा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण नवीन कुमार पिता गुप्तेश्वर व अन्य 01 दोनों जाति कलार निवासी नगर पंचायत प्रताप. पुर जिला सूरजपुर छ०ग० द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम खोरमा स्थित खसरा नंबर 770 / 6 रकबा 0.20 हे. भूमि को छ०ग० भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के अन्तर्गत कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है,

यदि इस पर किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह दिनांक 24 / 04 / 2024 तक अपना दावा / आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। इस तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 09 / 04 / 2024 को न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा०)
एवं सक्षम प्राधिकारी
प्रतापपुर, जिला सुरजपुर

## आत्मानंद स्कूल में प्रवेश हेतु आवेदन 5 मई तक




**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**ओडगी।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय ओडगी में शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिए प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभिभाषक बच्चों के प्रवेश के लिए आवेदन शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन 10 अप्रैल से 5 मई के बीच कर सकते हैं। रिक्त सीटों पर अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में लॉटरी पद्धति के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जायेगी। आत्मानंद विद्यालय में प्रवेश के लिए बच्चे को अधिकतम आयु 31 मई की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह तक होनी चाहिए। भर्ती प्रक्रिया में 50 फीसदी रिक्त सीटों बालिकाओं के लिए आरक्षित हैं। पर्याप्त मात्रा में बालिका न होने की स्थिति में सभी सीटों को बालकों को प्रवेश दे दिया जायेगा। इसके साथ ही 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित रखी गई हैं, जो आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को आबंटित की जायेगी।

# बाल विवाह रोकने सक्रिय जिला प्रशासन की टीम ने 3 बालिका को बधू बनने से बचाया

## देवीपुर में दो एवं गणेशपुर में रोका गया एक बाल विवाह

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** बाल विवाह रुकवाने सक्रिय जिला प्रशासन की टीम ने तीन बालिकाओं को वधू बनने से बचाय है। कलेक्टर रोहित व्यास के बाल विवाह पर कडे रुख के बाद प्रसासनिक टी विवाह रोकने जिले भर में सक्रिय है। बताया गया है कि जिला बाल संरक्षण अधिकारी को ग्रामीणों के द्वारा सूवना गण हुई थी कि सूरजपुर विकास खण्ड के देवीपुर में दो बाल विवाह एवं रामानुजमगर के ग्राम गणेशपुर में बाल होने वाला है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने शिकायत की पुष्टि हेतु उक्त बालिकाओं का उम्र सत्यापन सम्बन्धित स्कूलों से की गई जिसमे सभी शिकायते सही पाए जाने पर जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी को दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी उमेश साहू ने तातकाल बाल विवाह रोके जाने की कार्यवाही के निर्देश दिये। कलेक्टर द्वारा बनाया गया उडन दसता को ले कर मौके पर टीम रवाना हुई। सूरजपुर के देवीपुर में सूचना प्राप्त स्थान पर पहुंचने पर नाबालिक समेत सभी लीपाई पोताई कर विवाह की तैयारी में थे। बालिका की उम्र 16 वर्ष थी। बालिका से बात करने पर पता चला कि बालिका एवं लड़के के बीच जान पहचान काफी दीन से है बालिका के जिद में उक्त बाल विवाह सम्पन्न हो रहा है। बालिका विवाह करने की जिद कर रही थी। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने समझाईस दी की बाल विवाह एक अभिषाप ही नहीं बल्कि एक



अपराध भी है। बाल विवाह करने पर लड़का समेत लड़की के समस्त रिस्तेदार एवं बराती घराती सभी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध हो जायेगा। मोबाईल पर समबन्धित लड़का पक्ष की भी समझाईस दिया गया तब जाकर बालिका बाल विवाह नही करने पर राजी हुई। पंचनामा कथन लिया गया और गांव के चौकीदार और आंगनबाडी कार्यकर्ता को विवाह पर नजर रखने की हिरायत दी गई। गांव की एक और नाबालिक जिसकी उम्र मात्र 15 वर्ष 6 माह थी के घर टीम गई तो पता चला घर में कोई नहीं है माता पिता पिता पत्थर तोड़ने के लिए पहाड में चले गये है। घर का दरवाजा खुला था। आस पड़ोस के लोग बताये लड़की मंदिर चली गई है। काफी देर होने और ग्रामीणों के इकट्?ठा होने पर महिला कान्सटेबल घर में घुस कर तलासी लेने पर पता चला लड़की और उसका बहन कोने में छुपे हुए है। बाहर निकालने पर उससे बात चीत किया गया तो वे डर से ऐसा करने की बात कहीं उनके अभिभावको को बुलाया गया और समझाईस दी गई। जिसपर बाल विवाह को रोकने को तैयार हो गये। संयुक्त टीम विवाह रोकने के बाद रामानुजनगर के गणेशपुर गई जहां पर 14 वर्ष मह यो बालिका की बाल विवाह की तैयारी की जा रही थी। बालिका का पिता गांव का कोटवार है और बालिका के दादा उस वार्ड के पंच है। चर्चा पर पता चला की बालिका के पिता का विवाह मात्र 14 वर्ष में गया था। बालिका 9 वी की परीक्षा दी है। पुरे ग्रामीणों को बाल विवाह प्रतिशेध अधिनियम की जानकारी दी गई और बताया गया कि यदि कोई बाल विवाह करता है तो उसमे सम्मिलित होने वाले, अनुमति देने वाले आयोजन करने बाले और उसे बढ़ावा देने वाले सभी के उपर कार्यवाही की जाती है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अन्तर्गत दो वर्ष की सजा और 1 लाख रूपये जुर्माना या दोनों के दण्डित किये जाने का प्रावधान है। समझाईस पर परिजन बाल विवाह रोकने और बालिका को 12 वीं तक पढ़ाने का निर्णय लिया। बाल विवाह राकने बालो में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल, रामानुजनगर तहसीलदार, सूरजपुर नायब तहसीलदार इजराईल अंशारी, संरक्षण अधिकारी अखिलेश सिंह, काउन्सलर जैनेन्द्र दुबे चाईल्ड लाईन परियोजना समन्वयक कार्तिक मजुमदर टीम मेम्बर जनार्दन यादव महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक श्रीमति दीपा बैरागी, सुशीला लकवा रामानुजनगर पर्यवेक्षक धनेश्वरी मराबी, पुलिस थाना रामानुजनगर सउनि क्षेत्रपाल सिंह, आरक्षक विकास सिंह थाना सूरजपुर से उदय सिंह आरक्षक संदीप शर्मा महिला आरक्षक रोशनी सिंह एवं सभी आंगन बाढी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बढ़ती गर्मी के कारण तेजी से गिर रहा भू-जल स्तर, सूख रही नदियां

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**लखनपुर।** मौसम परिवर्तन के साथ तापमान में वृद्धि हुई है वहीं गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिये है । नदी , तालाब ढोढी , हैंडपंप दूसरे जल सरोवर गर्मी के कारण सूखने लगे हैं। सरगुजा में मध्यम सिंचाई परियोजना के नाम से पहचाने जाने वाला कुंवरपुर बांध के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई है कुंवरपुर बांध से आस पास के गावो में रबी फसल की सिंचाई की जाती है यहा से खेतों तक पानी ले जाने और गर्मी के वजह से बांध का जल स्तर प्रतिदिन घटता जा रहा है ।

नगर लखनपुर में स्थित प्राचीन तालाबों का जिक्र किया जाए तो बोहिता तालाब ,मगर तालाब , देवतालाब, दशहरा तालाब बिजली ऑफिस के समीप झुरही तालाब दैनिक बाजार गुदड़ी से लगे खरिखा एवं पखना जोड़ा तालाब सूखने लगे हैं। ठाकुर बाड़ी स्थित रामसागर देवी सागर



तालाब में नगर पंचायत द्वारा चुल्हट नदी से पाइप के जरिए पानी भर दिया गया है जिससे दोनों तालाबों में पर्याप्त पानी संग्रहित हैं। अप्रैल माह में ही गर्मी अपना असर दिखाने लगी है। रोजाना गर्मी बढ़ते जा रही है। भू-जल स्तर तेजी से गिर रहा है। लखनपुर के अलावा आसपास के कई गांवों के नदी-नालों तालाबों में पानी कम होने लगा है। वहीं भू-जल स्तर कम होने पर वन्य जीवों को भी अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी नहीं मिल पाता है। ग्रीष्म ऋतु में वन्य जीव भी गांवों की ओर आने लगते हैं। हालात जब अप्रैल महीने में ऐसा है तो आने वाले मई जून में नजारा कैसा होगा सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। यकीनन जल स्तर और घटेंगे। कुछ गांवों में मवेशियों को पिलाने के पानी को लेकर पशुपालकों को अभी से चिंता सताने लगी है। फिलहाल तो धूप छांव जैसी मौसम होने से गर्मी का एहसास कम है लेकिन आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने के आसार साफ़ नज़र आने लगा है।

कोरिया फ्रंटलाइन

# मतदान केन्द्रों में रैम्प सहित पानी, बिजली, शौचालय की होगी व्यवस्था

## 7 मई को सुबह 7 से शाम 6 तक होगी मतदान

छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने आज समय-सीमा की बैठक में लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर संबंधित नोडल अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। श्री लंगेह ने स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान तेजी से और गांव-गांव तक चलाने के निर्देश दिए।





श्री लंगेह ने मतदान पूर्व सभी मतदान केंद्रों में रैम्प बनाने के साथ बिजली, पानी तथा शौचालय कक्ष बनाने के निर्देश दिए। श्री लंगेह ने लोकसभा निर्वाचन के दौरान आने वाले केन्द्रीय एवं राज्य सुरक्षा बलों के ठहरने के स्थानों पर पेयजल, कूलर, शौचालय, बिजली आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। निर्वाचन कार्य से जुड़े नोडल अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन के दौरान वाहन व्यवस्था, वाहनों में जीपीएस इंस्टाल करना, मतदान दलों के अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा बलों के लिए स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, अनुमति संबंधी ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदनों का निराकरण, एसएमएस मानिटरिंग का कार्य करना आदि व्यवस्था मतदान पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर एवं सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी मतदान केन्द्रों में मतदान व निर्वाचन संबंधी प्रमुख जानकारी दीवार में लिखे जाए ताकि आम मतदाताओं को अपने मतदान केन्द्रों के बारे में जानकारी हो। बता दें कोरबा लोकसभा संसदीय सीट के अंतर्गत आने वाले कोरिया जिले में तृतीय चरण के तहत मंगलवार 7 मई 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। 12 अप्रैल को अधिसूचना का प्रकाशन किया गया है, 19 अप्रैल को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि है। 20 अप्रैल को नामांकन पत्रों की संवीक्षा तथा 22 अप्रैल को नाम वापसी की तिथि है। मतगणना, मंगलवार 4 जून 2024 को होगी। प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से कहा कि प्रत्येक व्यक्तियों तक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो, मरीजों को समय पर जांच, उपचार, दवाई मिले यह सुनिश्चित करना प्रत्येक डॉक्टर व उनके अमले की जिम्मेदारी है।

इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा विगत दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पोड़ी (बचरा), पटना, सोनहत, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, घुघरा तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नगर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सरडी, शिवपुर-चरचा का औचक निरीक्षण किया गया, जहां अस्पताल की व्यवस्था, गुणवत्ता, ओपीडी, आईपीडी, मेडिकल व्यवस्था, संस्था में होने वाले प्रसव की जानकारी, शिशु तथा प्रसूता माता सहित अन्य मरीजों से मिलकर अस्पताल की व्यवस्था एवं साफ-सफाई की जानकारी प्राप्त की। अस्पताल प्रबंधन को 24 घंटे अस्पताल सुचारू रूप से संचालन के लिए निर्देश दिए। टीकाकरण, मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, एनीमिया, सिकलसेल जांच, आयुष्मान कार्ड बनाने के लक्ष्य हासिल करने के साथ मौसमी बीमारियों जैसे लू से बचाव एवं महामारियों से निपटने की कार्ययोजना, टी.बी. कार्यक्रम, लेप्रोसी कार्यक्रम आदि की जानकारी समुचित रूप से ऑन लाइन दर्ज करने के निर्देश भी दिए। बता दें जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा मितानिन संकुल बैठक में शामिल होकर स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए अधिकारी, कर्मचारियों को समय पर स्वास्थ्य केन्द्रों में उपस्थित होने के निर्देश दिए ताकि मरीजों एवं उनके परिजनों को किसी भी तरह की समस्याओं का सामना करना न पड़े।

# ग्रीष्म ऋतु से तैयारी एवं बचाव हेतु दिशा निर्देश जारी

छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेन्द्रगढ़।** ग्रीष्म ऋतु के मौसम को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार गृह मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा राज्य में लू-तापघात से आवश्यक तैयारी एवं बचाव हेतु निर्देश प्राप्त हुए है। लू-तापघात से बचाव एवं तैयारी के लिए जिले में श्री लिंगराज सिदार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनेंद्रगढ़ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनका मोबाइल नम्बर 9806562251 तथा कार्यालय का नम्बर 07771-299055 है। लू के लक्षण- सिर में भारीपन और दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना। लू से बचाव के उपाय- लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यत: नमक की मात्रा कम हो जाने से होता है। अत: इससे बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए। बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाये, धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें, पानी अधिक मात्रा में पीयें, अधिक समय तक धूप में न रहें, गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती कपडे पहनने ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पीये, चक्कर आने, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें, प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से नि:शुल्क परामर्श ले, उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह ले।

***लू लगने पर किये जाने वाला प्रारंभिक उपचार***

बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठण्डे पानी की पट्टी लगाये, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटाये, शरीर पर ठण्डे पानी का छिड़काव करते रहे, पीड़ित व्यक्ति को यथाशीघ्र किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जाये, मितानिन, ए.एन.एम. से ओ.आर.एस. के पैकेट हेतु संपर्क करें।

***क्या न करें -***

गर्मी के दौरान बाहर न जाएं, यदि आपको आवश्यक कार्य के लिए बाहर जाना है, तो दिन के शीतलन घंटों के दौरान अपनी सारणी निर्धारित करने का प्रयास करें। अत्यधिक गर्मी के घंटों के दौरान बाहर जाने से बचें, विशेष रूप से दोपहर 12.00 बजे से 3.00 बजे के बीच। नंगे पैर या बिना चेहरे को ढ़के और बिना सिर ढ़के बाहर न जाएं। व्यस्थतम समय (दोपहर) के दौरान खाना पकाने से बचें। खाना पकाने वाले क्षेत्रों (रसोई घरों) में दरवाजे और खिड़कियां खोल कर रखें, जिससे पर्याप्त रूप से हवा आ सके । शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड पेय, पीने से बचें जो शरीर को निर्जलित करते हैं। उच्च प्रोटीन, मसालेदार और तेलीय भोजन खानें से बचें, बासी खाना न खाएं। बीमार होने पर बाहर धूप में न जाएं, घर पर रहे।

***नियोक्ता और श्रमिकों के लिए-***

क्या करें - कार्यस्थल पर स्वच्छ और ठंडा पेयजल प्रदान करें। श्रमिकों को सीधे धूप से बचने के लिए सावधानी बरतें। यदि उन्हें खुले में काम करना पड़ता है जैसे कि (कृषि मजदूर, मनरेगा मजदूर, आदि) तो सुनिश्चित करें कि वे हर समय अपना सिर और चेहरा डकें रहें। दिन के समय निर्धारित समय सारणी निश्चित करे। खुले में काम करने के लिए विश्राम गृह की अवधि और सीमा बढ़ाएं। गर्भवती महिलाओं या कामगारों की चिकित्सकीय स्थिति पर विशेष ध्यान दें। यदि कोई बीमार है तो उसे उयूटी पर्यवेक्षक को सूचित करे।

क्या न करें -कार्यस्थल पर, धूम्रपान या तंबाकू न ही थूके और न ही चबाएं। जो लोग बीमार हैं उनके निकट संपर्क से बचें। बीमार होने पर काम पर न जाएँ घर पर ही रहें।

***पुलिस/यातायात पुलिस कर्मियों के लिए उपाय-***

पर्याप्त पानी पीएं, जितनी बार संभव हो पानी पीएं, भले ही प्यास न लगी हो। गर्मी के विरुद्ध आवश्यक सुरक्षात्मक साधनों का उपयोग करें। जहां तक संभव हो युवा कर्मियों को दिन में यातायात ड्यूटी पर रखा जाना बाहिए।

**वरिष्ठ नागरिक के लिए उपाय-**

जितना हो सके घर के अंदर रहें। पार्क, बाजारों और धार्मिक स्थानों जैसे भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर न जाएँ। अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे और पंखे या कूलर का उपयोग करें। यदि आप बीमार महसूस करते हैं और निम्न में से किसी एक का अनुभव करते हैं, तो तुरंत डॉक्टर को बुलाएँ उच्च शरीर का तापमान, शरीर में दर्द लगे, सिरदर्द, चक्कर आना, मतली या भटकाव लगना, सांस की तकलीफ होना, असामान्य रूप से भूख लगना। यदि आप एक वरिष्ठ नागरिक की देखरेख कर रहे हैं तो नियमित रूप से हाथ धोने में उनकी मदद करें। समय पर भोजन और पानी का सेवन सुनिश्चित करें। उनके पास जाते समय अपनी नाक और मुंह ढकने के लिए फेस कवर का इस्तेमाल करे। यदि आप बुखार, खाँसी, साँस लेने जैसे चीजों से पीड़ित हैं, तो आपको वरिष्ठ नागरिक के पास नहीं जाना चाहिए। उस दौरान किसी और को उसके पास जाने के लिए कहे यो भी पूरी सावधानी के साथ।

# कलेक्टर के निर्देश का हुआ असर रात में अफसर कर रहे हैं दौरा

## अवैध कोयला परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई



छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विगत दिनों खनिज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि जिले में अवैध रूप से गिट्टी, कोयला, ईंट खनन व परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करें। इसी कड़ी में विगत दिनों खनिज अधिकारी एवं उनके अमला द्वारा रात में ही छापामार कार्यवाही की गई थी। बैकुण्ठपुर तहसील क्षेत्र में छापामार कार्यवाही के दौरान वाहन क्रमांक एम.पी. 18 जी.ए. 0170 में तीन टन अवैध कोयला, वाहन चालक रामेश्वर राजवाड़े द्वारा परिवहन करते पाया गया। जानकारी के मुताबिक उक्त वाहन का मालिक नरेश कुमार बताया गया है। वाहन को जब्त कर चरचा थाना में सुपुर्दगी की कार्यवाही की गई तथा वाहन मालिक से अर्थदण्ड 34 हजार 396 रुपए की वसूली भी की गई है। खनिज अधिकारी ने बताया कि अवैध खनिज उत्खननकर्ता, परिवहनकर्ता व भण्डारकर्ताओं के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। बता दें विगत दिनां कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन आदि को रोकने के लिए आवश्यक व कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे, यह कार्यवाही भी उसी निर्देश का असर माना जा रहा है।

# दिव्यांग और बुजुर्गों को मतदान केन्द्र तक लाने के लिए चलेंगे दिव्यांग रथ: श्री लंगेह

## सक्षम एप्प या 1950 डायल कर दिव्यांग, बुजुर्ग मतदाता ले सकेंगे लाभ

छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशन में कोरिया जिले में भी दिव्यांग रथ उपलब्ध कराए जाएंगे। इस सुविधा के लिए बुजुर्गों या दिव्यांग मतदाता को केवल 1950 नम्बर पर डायल करना होगा। इस सुविधा के व्यापक स्तर पर प्रचार के लिए जगह जगह रैली निकालकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने बताया कि निर्वाचन में प्रत्येक मतदाता महत्वपूर्ण है और इसी महत्व को ध्यान में रखते हुए पहली बार दिव्यांग मतदाता को मतदान केंद्र तक लाने और ले जाने के लिए दिव्यांग रथ चलाया जाएगा। इस सुविधा का लाभ बुजुर्गों को भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि दिव्यांग रथ की सुविधा का इस्तेमाल बेहद आसान तरीके से किया जा सकता है। बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता 1950 नम्बर पर फोन करके मतदान दिवस पर इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। साथ ही इस सुविधा के लिए बुजुर्ग मतदाता और दिव्यांग मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए सक्षम एप्प के माध्यम से भी इस नि:शुल्क सुविधा का लाभ ले सकते हैं और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। जिले में चिन्हित सभी दिव्यांग मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु जिले के सभी ग्राम पंचायतों में इस रथ का लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के लिए नोडल अधिकारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी के देखरेख में प्रत्येक ग्राम पंचायतों में दिव्यांग रथ सुविधा से जुड़ने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने सभी दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओ को मतदान दिवस अनिवार्य रूप से इस सुविधा का लाभ लेने का आग्रह किया है।





## मतदान एवं मतगणना दिवस को पूर्ण शुष्क दिवस घोषित

**मनेंद्रगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभागे मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डी. राहुल वेंकट ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ग के पालनार्थ जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में लोकसभा निर्वाचन 2024 को सम्पन्न कराने हेतु जिले में अवस्थित समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकाने तथा एफ.एल. 4(क) क्लब को बंद रखने के लिए मतदान तिथि 7 मई 2024 के 48 घंटे पूर्व अर्थात 5 मई 2024 सायं 05:00 बजे मतदान समाप्ति तिथि 7 मई 2024 एवं मतगणना दिवस 04 जून 2024 को सम्पूर्ण दिवस को शुष्क अवधि/शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त तिथि में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा। इस आदेश का कड़ाई से पालन किया जाये।

## प्रशिक्षण में अनुपस्थित मतदान अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी

**बैकुंठपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तैयारियों के संबंध में 12 अप्रैल 2024 को सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम स्कूल में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण में 486 पीठासीन अधिकारी एवं 451 मतदान अधिकारी क्रमांक 01 हेतु प्रशिक्षण आयोजित की गई थी। प्रशिक्षण में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित होने पर 02 पीठासीन अधिकारी को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। 13 अप्रैल 2024 को 426 मतदान अधिकारी क्रमांक 02 एवं 285 मतदान अधिकारी क्रमांक 03 का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। जिसमें बिना किसी सूचना के अनुपस्थित होने पर 09 मतदान अधिकारी 02 एवं 03 को कारण बताओं नोटिस कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी किया हैं।

## आज सम्पूर्ण मदिरा दुकाने रहेंगी बंद

**मनेंद्रगढ़।** छग शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डी. राहुल वेंकट ने आदेश जारी कर राम नवमी 17 मई को सम्पूर्ण जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। आबकारी उप-निरीक्षक वृत्त चिरमिरी, मनेंद्रगढ़, भरतपुर- जनकपुर उक्त दिवस को समस्त देशी, विदेशी तथा कम्पोजिट मदिरा दुकान तथा क्लब में मदिरा संव्यवहार को बंद कराकर मदिरा के संव्यवहार पर कड़ा नियंत्रण रखेंगे।

# जंगलों को आग से बचाने के लिए सबकी सहभागिता जरूरी: कलेक्टर

छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि गर्मी के मौसम में जंगलों या सूखे कचरे, कबाड़ में आग लगने की आशंका बनी होती है, इसके लिए नगरीय निकाय, फायर ब्रिगेड व वन विभाग को समुचित व्यवस्था कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। श्री लंगेह ने कहा कि जंगलों में आग न लगे इसके लिए संबंधित विभाग के अलावा सबकी सहभागिता भी जरूरी है। श्री लंगेह ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि आगजनी की घटना रोकने व आग न लगे इसके लिए स्वयं जागरूक होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में जंगलों में जली हुई बीड़ी, सिगरेट या माचिस न छोड़े। श्री लंगेह ने कहा कि सूखे कचरे, कबाड़ में आग लगने की आशंका बनी होती है। इसलिए इसके आसपास माचिस या किसी भी ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग बिल्कुल न करें। वन मंडलाधिकारी श्रीमती प्रभाकर खलको ने बताया कि जंगलों में आग न लगे इसके लिए गांवों व कस्बों में लगातार मुनादी कराई जा रही और आग लग जाने पर तत्काल इसकी सूचना देने के लिए आम लोगों से अपील भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गांवों में फायर वार्चर भी रखा गया ताकि जंगलों में आग लगने पर इनके माध्यम से सूचना मिले और आग पर काबू को किया जा सके।

जिले के रेंजर, एसडीओ द्वारा गांव-गांव जाकर लोगों को जंगलों को आग से बचाने के उपाय बताए जा रहे हैं। श्रीमती खलको ने बताया कि वन प्रबंधन सूचना प्रणाली (एफएमआईएस) के तहत जंगलों में आग लगने पर तत्काल मोबाइल पर सूचना मिल जाती है, जिसके तहत आग को रोकने में मदद मिलती है। उन्होंने मोबाइल नम्बर 9981884978 पर भी आग लगने पर सूचना देने की अपील की है। बता दें गर्मियों के मौसम में ट्रेन के पहिए से निकली चिंगारी भी आग लगा सकती है।

# प्रलोभन से दूर मतदान करने का तैयार है मजदूर

**मनेंद्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार स्वीप नोडल अधिकारी नितेश उपाध्याय के मार्गदशने में जिले के लोगों को लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जपनद पंचायत मनेंद्रगढ़ के ग्राम पंचायत सरभोका, डोरकी, पाराडोल, डगौरा, गरूडोल, महाई, बुलकीटोला, कठौतिया, नारायणपुर तथा कोथारी में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) के श्रमिकों के द्वारा कार्य स्थल पर ही जागरूकता रैली निकाली गई और स्लोगन-नारे के माध्यम से मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान मतदाताओं को जागरूकता अभियान में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरक सन्देश दिया गया। मनरेगा के मजदूरों के द्वारा देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में पूर्ण आस्था रखते हुए भारत की प्रजातांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए धर्म, जाति, वर्ग, क्षेत्र एवं भाषा से भेदभाव किये बगैर तथा किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना प्रत्येक निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई गयी।






स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा